संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -343 मंगलवार ,15 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## खड़गे पर वक्फ संपत्ति हड़पने का लगा आरोप

» वक्फ बिल पर जेपीसी बैठक से विपक्ष का वॉकआउट...

» चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग...



**नई दिल्ली,14 अक्टूबर 2024(ए)।** वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की सोमवार को हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर वक्फ संपत्ति कब्जाने का आरोप लगा। इससे नाराज विपक्षी दलों के सांसदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। साथ ही स्पीकर को चिठ्ठी लिखकर कमेटी के चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग की। स्पीकर से मिलने का समय भी मांगा।

विपक्षी सांसदों का आरोप है कि कमेटी की कार्यवाही तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही है। कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के पूर्व चेयरपर्सन अनवर मणिप्पाडी ने एक प्रेजेंटेशन दी, लेकिन यह बिल से जुड़ी न होकर कर्नाटक सरकार और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को बदनाम करने के लिए थी।

अनवर ने अपने प्रेजेंटेशन में खड़गे पर वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया, जिसका विपक्षी सांसदों ने विरोध किया। दरअसल, मार्च, 2012 में वक्फ के 2.3 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाने वाली मणिप्पाडी कमेटी ने तत्कालीन सीएम सदानंद गौड़ा को अपनी रिपोर्ट दी थी। अनवर मणिप्पाडी उस समय कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के चेयरपर्सन थे। उन्होंने ही इस कमेटी की भी अध्यक्षता की थी। करीब आठ साल बाद सितंबर, 2020 में रिपोर्ट विधानसभा में रखी गई। उसमें कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के नाम थे।

वहीं, केरल विधानसभा ने सोमवार बिल के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार इसे वापस लेने का आग्रह किया है। वक्फ (संशोधन) बिल 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था और विपक्ष की आपत्ति के बीच इसे जेपीसी को सौंपा था। कमेटी को अगले संसद सत्र के पहले सप्ताह के आखिर तक अपनी रिपोर्ट लोकसभा को सौंपनी है।

### वक्फ बिल पर जेपीसी की चार बैठकें

22 अगस्त, पहली बैठकः कमेटी चेयरपर्सन बोले- सबकी बात सुनी जाएगी 22 अगस्त को 31 सदस्यीय जेपीसी की पहली बैठक हुई थी। इसमें कमेटी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा था कि बिल पर विचार करने के दौरान सभी 44 अमेंडमेंट्स पर चर्चा होगी। सबकी बात सुनी जाएगी। अल्पसंख्यक मामलों और कानून मंत्रालय के अधिकारी ने कमेटी को ड्राफ्ट कानून में जो बदलाव के बारे में बताया।

### 5 सितंबर,तीसरी बैठकः विपक्ष ने कहा- मंत्रालय ने जानकारी छिपाई

तीसरी बैठक में मंत्रालयों के अधिकारियों ने वक्फ बिल पर प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान अधिकारियों की विपक्षी सांसदों से तीखी बहस हुई। विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि प्रेजेंटेशन के दौरान सरकारी अधिकारी बिल पर पूरी जानकारी नहीं दे रहे थे। सबसे ज्यादा विरोध आप सांसद संजय सिंह और एनपीसी सांसद कल्याण बनर्जी ने किया।

### 6 सितंबर, चौथी बैठक आप ने पुराने कानून पर आपत्ति की

बैठक में आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम भी शामिल हुई। टीम ने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि नया संशोधन बिल पुराने स्मारकों को संरक्षित रखने के लिए भी जरूरी है। आप ने पुराने वक्फ कानून पर अपनी पांच आपत्तियां भी दर्ज कराई थीं।विभाग का कहना था कि कई संपत्तियां जो पहले भारत सरकार ने संरक्षित की थीं, उन पर वक्फ ने बिना किसी सबूत के दावा कर दिया। वक्फ एक्ट 1995 (पुराना कानून) वक्फ बोर्ड को दान के नाम पर किसी भी प्रॉपर्टी को वक्फ संपत्ति घोषित करने का अधिकार देता है।



**मोदी सरकार ने कनाडा के खिलाफ उठाया सख्त कदम**

## 6 कनाडाई राजदूतों को किया निष्कासित

**नई दिल्ली,14 अक्टूबर 2024 (ए)।**भारत और कनाडा के रिश्ते अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। भारत सरकार ने कनाडा के 6 डिप्लोमेट्स को निष्कासित कर दिया है। उसी के साथ अपने डिप्लोमेट्स को कनाडा से वापस बुलाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय डिप्लोमेट्स कनाडा में सुरक्षित नहीं है। आखिर क्यों भारत के कनाडा से रिश्ते खराब हो गए हैं? भारत सरकार ने 6 कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित करने का फैसला किया है। उन्हें शनिवार 19 अक्टूबर, 2024 को रात 11:59 बजे तक या उससे पहले भारत छोड़ना है। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस बयान जारी किया है।कनाडा सरकार खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप निज्जर हत्याकांड में लगातार बिना किसी सबूत के भारत के खिलाफ गंभीर आरोप लगा रही थी। ऐसे में भारत ने सख्त उठाते हुए अपने डिप्लोमेट्स बुला लिए हैं। उसी के साथ ही कनाडा के डिप्लोमेट्स को देश से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

18 जून को हुई थी निज्जर की हत्या भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले हरदीप सिंह निज्जर को सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा था। उसकी हत्या 18 जून 2023 को हुई थी। वह ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात हमलावार ने उसको गोली मार दी थी। इस हत्या के बाद कनाडा में राजनीति तेज हो गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बिना किसी सबूत के भारतीय एजेंट्स को इस हत्याकांड में शामिल होने का आरोप लगा दिया। भारत ने लगातार लग रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कनाडा की वोटबैंक राजनीति के कारण यह आरोप लगाए जा रहे हैं। यह आरोप बेतुके हैं, जिनका कोई आधार नहीं है।

## देश की संक्षिप्त खबरें

### जम्मू-कश्मीर से हटा राष्ट्रपति शासन



**जम्मू-कश्मीर,14 अक्टूबर 2024(ए)।** जम्मू-कश्मीर में लागू राष्ट्रपति शासन हटा लिया गया। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी, जिससे उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार के गठन का रास्ता खुल गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण से पहले राष्ट्रपति शासन हटाने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति शासन को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 73 के तहत लागू किया गया था, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।

### इंडियन कोस्ट गार्ड के नए प्रमुख बने एस परमेश



**15 अक्टूबर को करेंगे पदभार ग्रहण**

**नई दिल्ली,14 अक्टूबर 2024(ए)।** केंद्र ने आज सोमवार को भारतीय तटरक्षक बल के अतिरिक्त महानिदेशक एस परमेश को समुद्री बल का नया प्रमुख नियुक्त किया। वे 15 अक्टूबर को इस महत्वपूर्ण पद का कार्यभार संभालेंगे। पिछले महीने पूर्व महानिदेशक राकेश पाल के निधन के बाद वे वर्तमान में महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं।

### उद्धव ठाकरे अस्पताल में भर्ती



**हार्ट में ब्लॉकेज के चलते हुई एंजियोप्लास्टी, हालत स्थिर**

**मुंबई,14 अक्टूबर 2024(ए)।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। उन्हें मुंबई के रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत सुबह बिगड़ गई थी, जिसके बाद अस्पताल लाया गया। उनके हार्ट की विस्तृत जांच के बाद डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी का फैसला लिया।

## बेहद कड़ी होगी केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा

» अब सीआरपीएफ के कमांडो सुरक्षा कवर करेंगे प्रदान



**पटना,14 अक्टूबर 2024(ए)।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने चिराग पासवान को जेड सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री को पहले वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी। विशिष्ट व्यक्तियों में शामिल चिराग पासवान के ऊपर खतरे की आशंका को लेकर केंद्र सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है। पुरानी सुरक्षा व्यवस्था के तहत चिराग पासवान को एसएसबी के जवान सुरक्षा देते थे लेकिन अब वो सीआरपीएफ की जबरदस्त सुरक्षा घेरे में रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार के जमुई से सांसद हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय अपनी रिपोर्ट विभिन्न रिपोर्ट के आधार पर खास लोगों को सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें वाई, वाई प्लस, जेड और जेड प्लस समेत कई अन्य सुरक्षा श्रेणियां होती हैं। अब चिराग पासवान जिस जेड श्रेणी की सुरक्षा घेर में रहेंगे उसमें कुल 33 सुरक्षागार्ड तैनात रहेंगे। इनके साथ ही 10 स्टैटिक गार्ड चिराग पासवान के घर पर मौजूद रहेंगे। इन सब के अलावा 6 राउंड द क्लॉक पीएसओ, तीन शिफ्ट में आर्म्ड स्कॉर्ट के 12 कमांडो, वाचर्स शिफ्ट में 2 कमांडो भी मौजूद रहेंगे। हालांकि, चिराग पासवान की सुरक्षा क्यों बढ़ाई गई है इसको लेकर अभी कोई विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

## ग्रामीण विकास मंत्री के बेटे ने दी धमकी

» जानते हो मेरा बाप कौन है? मुझसे उलझे तो खड़े-खड़े फाड़ दूंगा...

» मंत्री के बेटे की पुलिस से धक्का-मुक्की के बाद जुम्लेबाजी...




**भोपाल,14 अक्टूबर 2024(ए)।** मध्य प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बेटे प्रबल पटेल पर कथित रूप से पुलिस से झगड़ने और वर्दी उतरवाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना 9 अक्टूबर की रात की है। घटना का वीडियो वायरल है। जिसमें प्रबल पटेल पुलिसकर्मियों के साथ गुत्थम-गुत्था होता नजर आ रहा है।

### मंत्री पटेल का बेटा प्रबल पटेल

मंत्री पटेल का बेटा प्रबल पटेल बिना नंबर की कार चला रहा था। वारदात वाली रात उसकी गाड़ी लेबर चौक पर बुजुर्ग डॉक्टर दंपती की गाड़ी से टकरा गई। आरोप है कि प्रबल ने दंपती से बदसलूकी की। हंगामा होता देख स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

वायरल वीडियो में प्रबल पटेल और उसके साथियों को पुलिस अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए देखा जा सकता है। बताया जाता है कि जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो प्रबल ने उनसे भी भिड़ने की कोशिश की। वीडियो में यह स्पष्ट दिख रहा है कि प्रबल के व्यवहार से स्थिति और भी बिगड़ गई।

## आजम खान को बड़ा झटका

» सरकारी जमीन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की याचिका



**नई दिल्ली,14 अक्टूबर 2024 (ए)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी जिसमें रामपुर में जौहर स्कूल के लिए आवंटित जमीन के पट्टे को रद्द कर दिया गया था और उत्तर प्रदेश सरकार को भूमि अधिग्रहण की इजाजत दे दी गई थी। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। इससे पहले याचिकाकर्ता आजम खान की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट में जिरह के दौरान उन्होंने कहा कि अभी स्कूल में 300 बच्चे पढ़ रहे हैं, लिहाजा उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट आदेश पर रोक लगाया जाए और प्रदेश सरकार के फैसले को रद्द किया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा वाली पीठ ने यूपी सरकार को ये आदेश दिया कि राज्य सरकार ये सुनिश्चित करें वहां पढ़ रहे करीब 300 छात्रों का दाखिला दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में हो सके।



## फिर ट्रेन पलटाने की साजिश

### ट्रैक पर मिला केबल,डिरेल होने से बाल-बाल बची देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक

**नई दिल्ली/देहरादून,14 अक्टूबर 2024(ए)।** एक बार फिर ट्रेन पलटाने की साजिश सामने आई है। इस बार यहां देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक ट्रेन (15019) को खटीमा और बनवसा के बीच पलटने की साजिश हुई है। रविवार की रात 3:20 बजे रेल ट्रैक पर आठ फीट लंबा मोटा केबल डाल दिया गया, जो इंजन के पहिया में फंस गया। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक लिया। जब नीचे उतरकर देखा तो मोटा केबल पहिया में फंसा हुआ था। लोको पायलट की होशियारी से ट्रेन डिरेल होने से बाल-बाल बच गई।लोको पायलट ने रेल कंट्रोल मैसेज से सूचना दी। मैसेज मिलते ही अधिकारियों ने खलबली मच गई। इज्जतनगर से अधिकारी और सुरक्षा बल की टीम पहुंची। जांच पड़ताल के बाद ट्रेन को 20 मिनट के बाद टनकपुर को रवाना कराया गया। मामले की जांच के लिए बरेली,पीलीभीत आरपीएफ की टीमों के साथ-साथ खुफिया टीमें भी लगाई गई हैं। पिछले महीने इज्जतनगर डिवीजन के रुद्रपुर सिटी आउटर पर एक लोहे का पोल 12 फीट लंबा रखा गया था। जिसमें रामपुर जीआरपी और सिविल पुलिस द्वारा संयुक्त टीम बनाकर घटना का खुलासा किया गया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## 17 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे नायब सिंह सैनी



**पंचकूला ,14 अक्टूबर 2024(ए)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में 48 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही भाजपा ने इतिहास रचा है। अब हरियाणा की जनता को उनका मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है। 17 अक्टूबर को प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर नायब सैनी शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, पंचकूला के सेक्टर-5 शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

## दिल्ली में 1 जनवरी तक पटाखों पर सरकार ने लगाया बैन



**नई दिल्ली,14 अक्टूबर 2024(ए)।** दिल्ली सरकार ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए 1 जनवरी तक पटाखे के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी गोपाल राय ने पत्र को पोस्ट करते हुए लिखा है कि सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आज से 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन ,भंडारण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लागू। प्रतिबंध को लेकर दिल्ली सरकार ने जारी किया निर्देश। सभी दिल्ली वालों से सहयोग का अनुरोध।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा जारी किए गए पत्र के मुताबिक वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 (ए) के तहत दिल्ली के एनसीटी में विनिर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और सभी प्रकार के पटाखों को फोड़ने पर प्रतिबंध लगाए जा रहा है।

दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और उन्हें फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। दिल्ली पुलिस को निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली सरकार ने इस पत्र की कॉपी सभी विभाग और दिल्ली के उपराज्यपाल दफ्तर को भी भेजी है।




## 5 टोल प्लाजा पर हल्के वाहनों के लिए टोल टैक्स फ्री

**मुंबई,14 अक्टूबर 2024(ए)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा कदम उठाते हुए मुंबई में प्रवेश करने वाले हल्के वाहनों के लिए टोल टैक्स को फ्री करने का ऐलान किया है। यह महत्वपूर्ण फैसला 14 अक्टूबर की रात से लागू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा एक कैबिनेट बैठक के बाद की, जिसमें मुंबई के 5 प्रमुख टोल बूथों पर हल्के मोटर वाहनों से कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा।

कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मुंबई आने वाले हल्के वाहन अब से वाशी, मुलुंड, ऐरोली, दहिसर और आनंद नगर टोल प्लाजा पर टोल टैक्स से मुक्त होंगे। यह फैसला लागू होने के साथ ही 2 लाख 80 हजार से अधिक वाहन चालकों को सीधा लाभ होगा, जो अब इन टोल प्लाजा पर टैक्स चुकाने से बच सकेंगे।

# संपादकीय

## नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं

ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता की बात करती थीं,हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी इस गंगा में कूद पड़े हैं।यह तथ्य पहले ही सामने आ गया था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बिना पर्याप्त सबूत के, संभवतः जानबूझ कर, तिरुपति लड्डू विवाद उछाला। जिन प्रयोगशालाओं में लड्डू में इस्तेमाल हुए घी की जांच की गई थी,वहां के विशेषज्ञों ने कुछ सैंपलों में मिलावट का शक जरूर जताया था। मगर उन्होंने यह नहीं कहा था कि उसमें पशु चर्बी की मिलावट है। यह पूरी कहानी चंद्रबाबू नायडू ने सियासी फायदे के लिए बनाई। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ईसाई धर्मावलंबी हैं, इसलिए, चंद्रबाबू को लगा होगा कि यह मामला उठा कर वे रेड्डी के राजनीतिक करियर को स्थायी रूप से खत्म किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों इस सच्चाई की पुष्टि है। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को सलाह दी है कि वे कम-से-कम ईश्वर को सियासत से दूर रखें। मौजूदा हकीकत के बीच इस संवैधानिक भावना का अनुपालन अति-आशावादी नजर आता है। यह दौर राजनीतिक मकसदों के लिए धर्म का बढ़-चढ़ कर दुरुपयोग करने का है। दरअसल, ऐसा करने की क्षमता सियासी कामयाबी का पैमाना बन गई है।सुप्रीम कोर्ट ने ये तथ्य दोहराया कि अब तक तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। लेकिन कोर्ट की इस टिप्पणी से चंद्रबाबू नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जैसेकि इस बारे में विशेषज्ञों की मीडिया में आई प्रतिक्रिया का उस पर कोई असर नहीं हुआ। वह अपने पास मौजूद कथित सबूत पर टिकी हुई है। ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। अभी हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अयोध्या स्थित मंदिर बनवाने में उनकी भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही सीतामढ़ी जिले में सीता के जन्मस्थल ( जैसीकि मान्यता है ) पर भव्य मंदिर बनवाने का इरादा जताया। विडंबना है कि जून में चुनाव नतीजा आने के बाद बहुत से लोगों ने चंद्रबाबू और नीतीश कुमार से ही नरेंद्र मोदी के एजेंडे पर लगाम लगाने की आस जोड़ी थी।

## शांति तथा साहित्य का नोबेल पुरस्कार एशिया की झोली में




विश्व का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार इस बार शांति के लिए जापान की संस्था निहोंन हीडांक्यों और साहित्य के लिए दक्षिण कोरिया की युवा साहित्यकार हांन कांग को प्रदान किया गया है।



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

इस तरह शांति और साहित्य का नोबेल पुरस्कार फिर एशिया की झोली में आ गया है। एशिया में सर्वप्रथम भारत के रविंद्र नाथ टैगोर को 1913 में साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उसके पश्चात 1930 में सर सीवी रमन को विज्ञान में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। अब तक एशिया के 90 विशिष्ट लोगों को नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है इनमें 9 भारतीय शामिल हैं इनमें उन भारतीयों को शामिल नहीं किया गया है जो भारत में तो जन्म लिया है किंतु विदेशी नागरिकता प्राप्त है । 1924 का शांति का नोबेल पुरस्कार जापान के छोटे शहर हिबा कुशा की ऐसी संस्था निहोंन हीडांक्यों को दिया गया है जिसमें कुछ लोग परमाणु बम के हमले से बच गए और उन्होंने 1954 में अपना एक संगठन बनाया जो समस्त विश्व को परमाणु हथियारों और उसके विध्वंस से मुक्ति दिलाने के लिए प्रयासरत रहकर परमाणु हथियारों का विरोध करती है। उनके इन प्रयासों को सम्मान देते हुए स्वीडिश अकादमी ने उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार दिया है। साहित्य का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरिया की साहित्यकार हान् कांग को प्रदत्त किया गया है। हांन कांग एशिया की पहली महिला साहित्यकार हैं जिन्हें यह सम्मानजनक एवं प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। अब यह पुरस्कार दक्षिण कोरिया की साहित्य की सशक्त हस्ताक्षर हान कांग को उनकी गहरी काव्यात्मक समझ एवं मानवीय संवेदनाओं को अपनी शैली में लिखने के लिए प्रदान किया गया है। 53 वर्ष की युवा साहित्यकार लेखिका ने अद्वितीय मानवीय संवेदनाओं पर सार -गर्भित जो साहित्य रचा है वह विश्व में अद्वितीय है। वैश्विक स्तर पर किसी भी भाषा साहित्य में इतना संवेदनशील और मानवता से जुड़े साहित्य का सृजन अब तक नहीं किया गया जिसके ही परिणाम स्वरूप उन्हें यह नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने से पहले उन्हें 1916 में प्रसिद्ध बुकर इंटरनेशनल सम्मान से भी नवाजा गया था । यह पुरस्कार उन्हें अपनी पुस्तक वेजीटेरियन के लिए दिया गया जो मनुष्य कि मस्तिष्क की बीमारियों के लिए प्रदान किया गया था।यह तो तय है की उनका साहित्य वैश्विक दुनिया में मानवी संवेदनाओं सहजता और मानव जाति के लिए एक शीतल लहर लेकर आया है स्वीडिश अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें यह नोबेल सम्मान उनकी सूक्ष्म गहरी एवं उनके गद्य के प्रागैतिहासिक संदर्भों एवं मनुष्य के नाजुक पहलुओं के दर्शन को रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्रतिनिधित्व के लिए दिया गया है। लेखिका ने अपना साहित्य एक सफर वर्ष 1993 से प्रारंभ किया उनका पहला कथा संग्रह लव आफ बेसुई 1995 में प्रकाशित हुआ था। साउथ कोरिया के तमाम समाचार पत्रों में एवं दुनिया के समाचार पत्रों में उनकी अनुवादित रचनाएं निरंतर प्रकाशित होती रही हैं उनके रचनात्मक प्रयास अनथक जारी रहा उनकी कृति ब्रेथ फाइटिंग, ग्रीक लेसन किताबें प्रकाशित हुई थी जिसने पाठकों की काफी प्रशंसा भी प्राप्त की थी एवं इन किताबों ने दुनिया का ध्यान लेखिका की तरफ आकर्षित किया था। इन किताबों के लेखन के बाद दक्षिण कोरिया की यह युवा लेखिका हान् कांग देश के साहित्य का सितारा बन गई एवं दुनिया भर के पाठकों की चहेती लेखिका भी बन गई थीं। विशिष्ट शैली में रचा गया। वेजीटेरियन उपन्यास दुनिया के हर कोने में अनुवादित कर बार-बार पढ़ा जाने लगा और लेखिका पूरी दुनिया में ख्याति प्राप्त कर चुकी थी। उसके पश्चात लेखिका ने योर कोल्ड हैंड,संग सांग,ब्रेथ फाइटिंग आदि किताबों की रचना कर वैश्विक स्तर पर पाठकों के हृदय में अपना स्थान बनाना शुरू किया। उनके लेखन को पढ़कर यह हमेशा महसूस किया जाता रहा है कि समकालीन साहित्यकारों में श्रेष्ठ हैं एवं उनकी संवेदनाएं मानवीय पहलुओं को छूकर एक नई शीतल हवा के प्रवाह में सक्षम रही हैं। लेखिका के अनुसार वर्तमान संदर्भ में दुनिया तथा मनुष्य के पारिस्थितिक संबंध जरूर भौतिकवाद की ओर परिवर्तित हो गए हैं पर साहित्य सदैव शाश्वत रहा है और गद्य और पद्य सदैव अक्षुण् रहेगा, जीवन की विसंगतियां आम जानकी संवेदनाएं सामाजिक विडंबनाएं एवं सामाजिक संरचना के महीन एवं बारीक संदर्भों को समेटे हुए उनकी रचनाएं अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है निसंदे मानवीय संवेदनाओं को दर्शित करने वाला साहित्य वर्षों तक जीवित रहेगा ।

# कांग्रेस से तुम हो तुमसे कांग्रेस नहीं

कांग्रेस ने नहीं समझा,दूर नहीं किया तो आगे भी उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही। हरियाणा में क्या हुआ? हरियाणा में क्या हुआ? कोई नहीं समझ पा रहा। कांग्रेस ईवीएम को दोष दे रही है। हो सकता है। ईवीएम हमेशा शक के दायरे में रही। और कांग्रेस ही नहीं खुद भाजपा ने इस पर कई बार ऊंगलियां उठाईं। भाजपा नेता जीवीएल नरसिम्हा राव ने डेमोक्रेसी एट रिस्क! कैन वी ट्रस्ट अवर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन? पूरी किताब लिख दी थी। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी ने इसकी भूमिका लिखी थी। किताब में ईवीएम को पूरी तरह बेईमानी का जरिया बताया गया था। आडवानी और दूसरे भाजपा नेताओं ने पूरे देश में घूम घूम कर ईवीएम का विरोध किया था। यह 2009 के लोकसभा चुनाव के भाजपा की हार के बाद की बात है।कांग्रेस ने 2018 में इसके खिलाफ अपने राष्ट्रीय अधिवेशन ( प्लेनरी ) में प्रस्ताव पारित किया। अभी लोकसभा चुनाव के पहले भी सवाल उठाए। मगर इसे एक सबसे बड़ा मुद्दा बनाने का ज्यादा प्रयास कभी नहीं किया। मुद्दा उठाया। छोड़ दिया। अब हरियाणा की अविश्वसनीय हार के बाद फिर सवाल उठाया है। सही है। उठाना चाहिए। लेकिन कुछ सवाल खुद से भी करना चाहिए। एक, हरियाणा एक ऐसा राज्य था जहां कांग्रेसी बहुत दबंग थे। दस साल के भाजपा शासन में भी उनके कोई काम रुकते नहीं थे। कोई गिरफ्तार नहीं हुआ। किसी के यहां ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के बड़े छापे कभी नहीं पड़े। जैसे उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता परेशान रहे वैसे हरियाणा में नहीं हुए। तो ऐसे राज्य में अफसर ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ की कितनी हिम्मत कर सकते हैं? और उस स्थिति में जहां खुद बीजेपी को जीत का यकीन नहीं हो। कांग्रेस जोश में बीजेपी पस्त फिर अफसरों की हिम्मत कैसे पड़ी?यह हम पहले भी लिख चुके हैं कि करने वाला तो आदमी होता है। और अगर उसे डर हो कि यह सब चीज नोटिस की जा रही है और कल गड़बड़ करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा तो वह गलत काम करने से डरेगा। हरियाणा में यह कैसे हुआ इसे कांग्रेस को अपनी भी एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समझाना पड़ेगा। चुनाव आयोग में तो जाएं। मगर खुद भी वन्स एंड फारएवर इस मुद्दे को हल करना होगा।जब 2018 में दिल्ली के कांग्रेस अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया गया था। ईवीएम के खिलाफ तब राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। हमने तब भी लिखा। 2019 कांग्रेस के लोकसभा हारने के बाद भी लिखा कि एक उच्चस्तरीय कमेटी जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ हों, चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त हों, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज हों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हों इन सबको लेकर बनाना चाहिए। कांग्रेस की अभी इतनी खराब स्थिति नहीं आई है कि उसे लोग नहीं मिलें। ऐसी कमेटी पूरी स्टडी करके रिपोर्ट लेकर आती है तो उसका असर होगा। सुप्रीम कोर्ट जाने का भी एक मजबूत आधार होगा। अभी भी बना सकती है। हरियाणा एक बड़ा आधार है। इससे माहौल भी बनेगा और एक बड़ा इश्यू सैटल होने में मदद भी मिलेगी।लेकिन सिर्फ इस एक मुद्दे पर अड़े रहने से कांग्रेस का कुछ फायदा होने वाला नहीं है। यह वही मसल होगी कि ज् दिल तो बढ़ता है तबीयत तो बहल जाती है! बीमारी का इलाज नहीं होगा। जब तक बीजेपी सरकार में है ईवीएम हटाने का कोई सवाल ही नहीं। वह हटाने ही नहीं देगी। इसके लिए कांग्रेस को विपक्ष को सरकार में आना होगा। इसी ईवीएम के असर को रोककर कम करके। अधिकारियों पर दबाव बनाकर कि खबरदार कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की तो! लेकिन अब बस यही है कि कांग्रेस करती नहीं है। हरियाणा जहां उसके नेता, कार्यकर्ता इतने दबंग थे वहां नहीं कर पाए तो दूसरे राज्यों जैसे मान लो गुजरात ही है जहां कांग्रेसी सबसे ज्यादा कमजोर है वहां क्या कर पाएगी। राहुल ने हरियाणा में भी कहा और हार के बाद बुधवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया में भी कहा मेरे बब्बर शेर! तो यह शेर जब हरियाणा में धांधली नहीं रोक पाए तो दूसरी जगह जहां इनका शेरपन कम होगा वहां कैसे रोकेंगे? राहुल को कांग्रेस को पाइंट पर आना चाहिए। राहुल ने हरियाणा में कुमारी सैलजा और भूपेन्द्र हुड्डा के स्टेज पर हाथ मिलवाते हुए कहा कि मेरे शेर कभी कभी लड़ जाते हैं। फिर इन्हें एक करवाना मेरा काम होता है। सुनने में यह डायलग अच्छा है। मगर बेमतलब। राहुल ने यह कोई पहली बार हाथ मिलवाए।राजस्थान जो ठीक इसी वजह से कांग्रेस हारी वहां भी ऐसे ही गहलोत और सचिन पायलट के हाथ मिलवाए थे। मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ और ज्यतिरादित्य सिधिंया के। छत्तीसगढ़ में आखिरी समय में टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाया।उत्तराखंड में चुनाव से पहले हरीश रावत ने कैसे कैसे नाटक किए। जल समुद्र मगरमच्छ! पता नहीं कौन कौन से बिम्ब बनाकर खुद को पीड़ित बताया। पूरी जिन्दगी वे ऐसी ही राजनीति करते रहे। और जब रो रोकर मुख्यमंत्री बन गए तो कांग्रेस के नेताओं के ही फोन उठाना बंद कर दिए। 2016 में जब स्टिंग विवाद में हरीश रावत सुप्रीम कोर्ट से जीत गए तो हाई कमान ने हरीश रावत से विधानसभा भंग करके चुनाव करवाने को कहा। उनके पक्ष में सहानुभूति लहर थी। जीते जाते। मगर उस समय तक वे कांग्रेस के मठाधीश बन गए थे। क्योंमानते? नहीं माने। और फिर 2017 में जो चुनाव हुए उसके बाद से कांग्रेस उत्तराखंड में आई ही नहीं।कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथपागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही।हरियाणा में क्या हुआ? कई दिनों तक कुमारी सैलजा कोप भवन में बैठी रहीं। भाजपा और बीएसपी प्रचार करते रहे कि दलित का अपमान हुआ है। मगर सैलजा ने कांग्रेस के पक्ष में कुछ नहीं बोला। उल्टे चैनल चैनल जाकर रोती रहीं कि मुझे टिकट नहीं दिया। इन्चार्ज मुझसे बात नहीं करते हैं। हुड्डा के समर्थक अपने चुनाव प्रचार में बुलाते नहीं।दूसरे महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी इसी राग को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री बनना है। सैलजा को भी बनना। सुरजेवाला को भी भूपेन्द्र हुड्डा अटल बिहारी वाजपेयी का डायलग ले आएज् न टायर्ड हूं न रिटायर। डायलग भी अपने नहीं ला पाते। वह भी बीजेपी के।और सब मुख्यमंत्री बनने के लिए चैनल दर चैनल इंटरव्यू देने लगे। गोदी मीडिया की चांदी हो गई। तीनों के खूब इंटरव्यू लिए और गुटबाजी को खूब हवा दी।अब बीजेपी जीत गई। जिसकी उम्मीद खुद मोदी और अमितशाह को नहीं थी। सारे एक्जिट पोल, ग्राउन्ड रियलटी सब चीख चीख कर कह रहे थे कि बीजेपी गई। वह आ गई।क्या मतलब? विश्लेषण अभी बहुत होंगे। कांग्रेस भाजपा दोनों को करीब करीब बराबर वोट मिले हैं। 39-39 प्रतिशत। भाजपा के केवल 0.8 (पाइंट आठ) प्रतिशत ज्यादा हैं। मगर भाजपा से नाराज लोगों का वोट बंटा। करीब 20 प्रतिशत वोट बाकी दलों जो सब भाजपा के खिलाफ लड़ रहे थे मिला। और वह अगर यह मान लें कि कांग्रेस के मैनेजमेंट के बाहर की चीज थी। जो वास्तव में थी नहीं, कुछ किया जा सकता था। अगर समय रहते समझते तो। लेकिन चलिए वह छोडिए जो यह मुख्यमंत्री बनने पर बयानबाजी और कांग्रेस को दलित विरोधी साबित करने का खेल हुआ यह हार का निर्णायक कारण रहा।ईवीएम मुद्दा है मगर अपनी गुटबाजी उस पर काबू न पा पाने की कमजोरी को अगर कांग्रेस ने नहीं समझा, दूर नहीं किया तो आगे भी उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।



**-शकील अख्तर-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील



घटती-घटना
डॉ. सत्यवान सौरभ
बड़वा भिवानी हरियाणा



सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है, उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं, सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करें, तारीफ करें।

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वो कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा जिंदगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं।

लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए।टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने केयदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएंरील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखेंबच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करेंबच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें।

फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए टेलेंट होना बहुत जरूरी है। यदि आपके अंदर टेलेंट है तो फॉलोअर्स अपने आप ही बढ़ जाएंगे। यदि युवा ट्रैक पर खड़े होकर रील बना रहे है तो बहुत गलत है। इससे दूसरे बच्चों पर भी गलत असर पड़ेगा। रील बनाने वालों के साथ उनकी वीडियो देखने वालों की भी मूर्खता है। इनका विरोध करना चाहिए। युवा जल्दी फेमस होने के लिए रील बना रहे हैं, जोकि बहुत गलत है। मैं कई जगह रेलवे ट्रैक और फ्लाई ओवर पर रील बनाते हुए युवाओं को देखता हूं। उन्हें रील बनानी है तो सबसे पहले सुरक्षित जगह चुनें। बच्चे रेलवे ट्रैक या फिर रिस्क वाली जगह पर रील बना रहे हैं तो माता-पिता को इन पर निगरानी रखनी चाहिए।

सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वो कुछ गलत ना कर सके।

## प्रार्थनाओं का कैसा अंदाज था

घटती-घटना
गरिमा राकेश गौतम
कोटा(राजस्थान)



स्वानुभूति पर लिखित
प्रार्थना का ये
ना फूल
ना माला
ना कोई प्रसाद था,
केवल
अश्रुओं के मोतियों
से भरे
दो थाल थे।
गिर रहे थे मोती
ईश्वर के सामने
प्रार्थना का ये
कैसा अंदाज था।
ना मंत्र
ना श्लोक
ना चालीसा
का कोई गुणगान था।
जुड़े हुए हाथों में बस
पूजा का भाव था।
उपासना का ये
कैसा अंदाज था ।
मौन प्रार्थना
ईश्वर ने मेरी सुनी
अश्रुओं की भेंट
को स्वीकार किया था।
उसी का प्रतिफल
था ये कि
मुझे मेरा मनचाहा
आशीर्वाद मिला था ।

# मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नहीं

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है।यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के



लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम् है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा।फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें।?इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए।?करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया।

**-ओमप्रकाश मेहता-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# संदीप हत्याकांड मामले में फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार,कोर्ट में पहुंचा था सरेंडर करने

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सीतापुर में बहुचर्चित राजमिस्त्री संदीप लकड़ा हत्याकांड का मुख्य आरोपी ठेकेदार अभिषेक पांडेय को सोमवार को अंबिकापुर न्यायालय में आत्मसमर्पण से पूर्व पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक पिछ्ले डेढ़ माह से फरार चल रहा था।

गौरतलब है कि सीतापुर के ग्राम बेलजोरा निवासी राजमिस्त्री दीपेश उर्फ संदीप लकड़ा की सीतापुर निवासी ठेकेदार अभिषेक पांडेय ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर छड़ व सीमेंट चोरी का आरोप लगाकर 7 जून को हत्या कर दी थी। इसके बाद 8 जून को उसका शव मैनपाट के लुरैना बड़वापाट स्थित पानी टंकी के फाउंडेशन के नीचे दफन कर दिया था। मृतक के परिजनों व सर्व आदिवासी समाज द्वारा पुलिस पर दबाव बनाए जाने के बाद 6 सितंबर को संदीप की लाश मिली थी। संदीप की लाश मिलने के बाद मामला तुल पकड़ लिया था। परिजन शव लेने से इंकार कर दिए थे। वहीं सर्व आदिवासी सामाज के साथ परिजन अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। परिजन का कहना था कि जबतब मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय गिरफ्तार नहीं हो जाता तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। 22 दिनों तक शव मरच्यूरी में पड़ा रहा था। संदीप के शव का अंतिम संस्कार करने पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल 27 सितंबर को सक्रिय होकर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो व प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह मरावी के साथ सीतापुर में चल रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर परिजन व सर्व आदिवासी समाज के साथ चर्चा की थी। अथक प्रयास के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए थे। वहीं स्वास्थ्य मंत्री के पहल पर मृतक के परिजन को 25 लाख मुआवजा व कलेक्टर दर पर किसी भी छात्रावास में पत्नी को नौकरी देने की बात कही गई थी। घटना के बाद से मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय फरार चल रहा था। पुलिस उसे गिरफ्तारी के लिए काफी प्रयास कर रही थी। सरगुजा पुलिस उसके सारे एकाउंट को सिज कर दिया है। वहीं उसके रिश्तेदार व परिजन के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर डाल रखा था। आरोपी किसी से संपर्क नहीं कर पा रहा था। आरोपी ने एक बार अपने पिता से बात की थी। जिससे उसका लोकेशन नेपाल बताया था। लेकिन वहां से भी वह भाग निकला था। वहीं पुलिस की सक्रियता को देखते हुए मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय ने सोमवार को अपने चालक राजा यादव के साथ अंबिकापुर कोर्ट में सरेंडर करने पहंचा था। जहां से पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड का मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय जल जीवन मिशन का ठेकेदार है। पीएचई विभाग से 62 करोड़ का 28 कार्यों का एग्रिमेंट किया था। 14 करोड़ का भुगतान हो चुका था। ठेकेदार अभिषेक पांडेय द्वारा जल जीवन मिशन का काम कराना था। कार्य के दौरान ही वह अपने साथियों के साथ मिलकर राजमिस्त्री की हत्या कर दी थी। इसके बाद से अभिषेक पांडेय फरार चल रहा था। इसके बाद से जल जीवन मिशन का काम ठप्प पड़ा है। विभाग ने ठेकेदार अभिषेक पांडेय को नोटिस जारी किया था। पर ठेकेदार द्वारा नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया है। काम बंद होने और ठेकेदार द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिए जाने पर विभाग टेंडर निरस्त कर दिया था। घटना में शामिल प्रत्युश पाण्डेय, गुड्डू कुमार, तुलेश्वर तिवारी, शैल शक्ति साहू, गौरी तिवारी, दीपांशु महाराज, मो. सब्बा अंसारी को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं सोमवार को मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय व उसके चालक राजा यादव को भी गिरफ्तार हो चुका है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए सिर दर्द बनी हुई थी। मुख्य आरोपी के बारे में जानकारी देने वालों के लिए आईजी ने 30 हजार व एसपी ने 10 हजार रुपए का इनाम की घोषणा कर रखी थी।








# सदस्यता अभियान के लक्ष्य को ऑफ लाइन सदस्यता से पूरा करें : रामप्रताप सिंह

» 16 से 31 अक्टूबर तक भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा सरगुजा के पदाधिकारीयों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडलवार अब तक हुई प्राथमिक सदस्यता की समीक्षा की गई। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाना है। इसलिए प्राथमिक सदस्यता अभियान को जल्द से जल्द पूर्ण कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लक्ष्य को ऑफ लाइन सदस्यता से पूरा करें। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्यता अभियान को हम रिकार्ड समय में पूरा कर रहे हैं। इसके लिए भाजपा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि सरगुजा जिले में हम सदस्यता अभियान के लक्ष्य के करीब हैं। हमें और जोर लगाना है ताकि सदस्यता में एक कीर्तिमान स्थापित हो। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन नगर मंडल अंबिकापुर अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय तोमर, भारत सिंह सिसोदिया, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, हरपाल सिंह भामरा, अंबिकेश केशरी, देवनाथ पैकरा, फूलेश्वरी सिंह, प्रशांत त्रिपाठी, विनोद हर्ष, मंजूषा भगत, मधु चौदह, विकास पांडे, विजय व्यापारी, राधेश्याम ठाकुर, इन्दर भगत, वैभव सिंह, मुनेश राजवाडे सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दशहरे के दिन सरगुजा पैलेस से महिला पार्षद के गले से चेन चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



दशहरे के दिन 11 अक्टूबर को सरगुजा पैलेस स्थित महाराज टीएस सिंहदेव से मुलाकात करने पहुंची विश्रामपुर वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद के गले से अज्ञात व्यक्ति ने चेन चोरी कर ली। पार्षद ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार दीप्ती स्वाईन वन-बी कॉलोनी बिश्रामपुर की रहने वाली है और वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद हैं। वह 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन अंबिकापुर सरगुजा पैलेस महाराज से मुलाकात करने आई थी। पैलेस के बाहर काफी भीड़ थी। वह मुलाकात के लिए लाइन में खड़ीं थी। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात व्यक्ति ने महिला पार्षद के गले से चेन चोरी कर ली। कुछ देर बात जब पता चला तो वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई हैं। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दज कर विवेचना शुरू कर दी है। चोरी गई चेन की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है।

# महिला से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

अकेली महिला को देखकर उसके साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता 12 अक्टूबर को अपने पति के साथ अंबिकापुर आई थी। पैसे की बात को लेकर पति के साथ विवाद हो गया। महिला गुस्से में अकेली ऑटो से नया बस स्टैंड चली गई और एक होटल के पास बैठी थी। इस




दौरान दो युवक आए और उसे साथ चलने के लिए जोर जबरदस्ती करने लगे।

विरोध करने पर उसके साथ दोनों युवकों ने छेड़छाड़ व मारपीट करने लगे। महिला वहां से भाग कर पति के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी संतोष यादव (25) व तुलसी यादव (32) दोनों निवासी रनपुरकला थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# कौशल पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ,युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

## छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे शामिल,युवाओं का किया उत्साहवर्धन






- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अम्बिकापुर के लाइवलीहुड कॉलेज में कौशल पखवाड़ा का सोमवार को शुभारंभ किया गया। इस उद्घाटन समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों से आए प्रशिक्षित हितग्राही और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कौशल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में प्रशिक्षित हितग्राहियों को स्वरोजगार के क्षेत्र से जोड़ते हुए, लघु-घरेलु उद्योग या व्यावसाय प्रारंभ करने के लिये जिले के खादी ग्राम उद्योग, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, जिला अंत्यावसायी आदि विभागों से सामंजस्य कर ऋण प्रदाय में सहयोग किया जाएगा। कौशल विकास योजनांतर्गत जिले में व्याप्त रोजगार/स्वरोजगार हेतु बाजार मांग के अनुसार हितग्राहियों को उनके रूचि अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आजीविका का साधन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे हितग्राही अपने जीविकोपार्जन करने के साथ-साथ अपने परिवार का पालन एवं पोषण बड़ी सरलता से कर सके।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, नगर पालिका निगम के पार्षद श्री आलोक दुबे, जनपद उपाध्यक्ष श्री विष्णु दास, अम्बिकापुर जनपद सदस्य श्री गंगा दास शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर ने प्रशिक्षित हितग्राहियों के कौशल पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि, ÷यह पखवाड़ा उन बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपने कौशल को विकसित कर रोजगार पाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं। इस पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

वहीं पार्षद आलोक दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास केवल रोजगार पाने का माध्यम नहीं,बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें चाहिए कि हम अपने युवा साथियों को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

कौशल पखवाड़ा उद्घाटन समारोह में संयुक्त संचालक रोजगार श्री एस पी त्रिपाठी,डीएसएसडीए सहायक संचालक श्री ललित पटेल,जनपद पंचायत सीईओ श्री आरएस सेंगर, डीपीओ साक्षरता श्री गिरीश गुप्ता, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक श्री एम सिद्दीकी, लाइवलीहुड एपीओ अकरम खान, सुश्री प्रीति तिवारी, श्री रजनीश मिश्रा, श्रीमती इंदु मिश्रा, और श्री विवेक सिंह मौजूद थे।

# शराब पीने के बाद बेटे को छोड़ आया पिता,लोगों ने की पिटाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शराब के नशे में चूर पिता ने अपने 4 साल के बेटे को जहां शराब पीया था वहीं छोड़क़र चला आया। घटना रविवार की रात की है। वहीं शराब पीने के चक्कर में बच्चे को बेचने का आरोप लगाकर लोगों ने उसकी बेदम पिटाई कर दी। वहीं पुलिस ने बच्चे को बरियों से बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार कुनकुरी निवासी एक व्यक्ति पत्नी को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां महिला ने नवजात को जन्म दिया है। वहीं इसके साथ पहले से 4 साल का बेटा है। रविवार की रात को ग्रामीण अपने चार साल के बेटे को लेकर



घुमने निकला। कुछ दूर बाद शराब के नशे में चूर होकर वह अस्पताल लौटा। इसके साथ उसका बेटा नहीं था। पूछने पर वह कुछ बोल नहीं पा रहा था। लोगों ने शराब के लिए बच्चे को बेच देने का आरोप लगाकर उसकी बेदम पिटाई कर दी। लोगों ने उसकी पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरे दिन सोमवार की शाम को उक्त बच्चे को बरियों चौकी क्षेत्र से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मासूम को लेकर उसका पिता जहां शराब पीने के लिए गया था वहां दो अन्य लोग बैठे हुए थे। शराब के नशे में चूर पिता वहां अपने बच्चों को छोड़क़र चला गया था। बच्चों को अकेले देखकर दोनों युवक उसे अपने साथ ग्राम बघिमा ले आए थे। जानकारी होने पर बरियों पुलिस ने बच्चे को बरामद कर परिजन को सौंप दिया है।

# महामाया मंदिर परिसर सहित दो स्थान से बाइक चोरी,रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

महामाया मंदिर परिसर सहित दो स्थान से बाइक चोरी वारदात सामने आई है। दोनों पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विनय पटेल गांधीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर का रहने वाला है। वह शारीदय नवरात्र के नवमी तिथि के दिन 11 अक्टूबर को मां महामाया मंदिर दर्शन करने गया था। वह अपनी



बाइक क्रमांक सीजी 06 जीबी 1646 को मंदिर परिसर के बाहर खड़ा किया था। नवमी के दिन मंदिर में काफी भीड़ दी। दर्शन कर लगभग 1 बजे मंदिर से बाहर निकलकर जिस स्थान पर बाइक खड़ा किया था वहां बाइक नही थी। किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। वहीं दूसरी घटना राम मंदिर रोड की है। राजेश अग्रवाल 12 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 5660 को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। एक घंटे बाद घर से बाहर निकलकर देखा तो उसकी बाइक नही थी। राजेश ने भी मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस दोनों मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# चंगाई सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन,विहिप ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
उदयपुर,14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

उदयपुर सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सायर में चंगाई सभा के आड़ में धर्म परिवर्तन कराने का मामला प्रकाश में आया है। विहिप पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है।

मामला सामने तब आया जब सरगुजा कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम बनसिंह नेताम के द्वारा पंचायत सचिव कामेश्वर सिंह को रविवार 13 अक्टूबर 2024 को सुबह चंगाई सभा को बंद कराने कहा






गया। उस वक्त चौकीदार ने मौके पहुंच डुबला एक्का के घर ग्राम सायर में चंगाई सभा किया जा रहा था जिसे चौकीदार के द्वारा बोलकर बंद करने को कहा गया। जैसे ही ग्राम वासियों को इसकी भनक लगी लोगों ने विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य संगठनों को इसकी जानकारी दे दी। मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड प्रमुख हरिओम सोनी ने देखा कि चंगाई धर्मसभा बंद हो चुका था। इसके बाद संगठन के साथियों के साथ केदमा चौकी पहुंचे और क्षेत्र में हो रहे धर्मांतरण की जानकारी चौकी प्रभारी को दी।

विश्व हिंदू परिषद संगठन के सदस्यों द्वारा सोमवार को उदयपुर एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौप कर इस पर रोक लगाए जाने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेखित है कि प्रखंड उदयपुर के ग्राम सायर में धर्म विशेष के लोगों द्वारा भोले भाले आदिवासी मझवार एवं कोरवा जनजाति के लोगों को घर-घर बाइबल पुस्तक बांटकर एवं ग्राम सायर के डुबला एक्का के घर में कई महीनो से धर्म सभा कर लोगों को मत्तांतरित कर धर्मांतरित किया जा रहा है।







# संस्कृति व परंपरा को सहेजना हमारा कर्तव्यःमुख्यमंत्री विष्णु देव साय

» जिले के गांवों को स्वच्छ,सुंदर और स्वस्थ बनाने 'हमर सुघर गांव' पहल का किया गया शुभारंभ

» जिले के विकास पर आधारित प्रगति पत्रक का विमोचन एवं समाधान सूरजपुर ऐप का किया गया शुभारंभ

## ग्राम सिलौटा,प्रतापपुर में आयोजित करमा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय








- संवाददाता -
सूरजपुर,14 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,जिले के ग्राम सिलौटा प्रतापपुर के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित आदिवासी करमा महातिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व मुख्यमंत्री करमडार पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए और छत्तीसगढ़ के खुशहाली और संपन्नता की कामना की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के बंधुओं द्वारा आदिवासी संस्कृति व परंपरा का प्रस्तुतिकरण करते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ गांव बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल 'हमर सुघर गांव' और सूरजपुर जिले के नागरिको की समस्याओं के समाधान के लिए निर्मित वॉट्सएप्प बेस्ड चैटबोट प्लेटफार्म समाधान सूरजपुर एप्प का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने जिले के विकास कार्यों पर आधारित विकास पत्रिका ' प्रगति पत्रक ' का विमोचन भी किया। साथ ही जिला प्रशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किए गए चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड की मुख्यमंत्री श्री साय ने शुभारंभ किया। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व कोड़ाकू जनजाति द्वारा सामूहिक सांदो नाच का प्रदर्शन किया गया और बैगा जनजाति द्वारा पारंपरिक विधि से पूजा अर्चना किया गया। इस आयोजित करमा महोत्सव कार्यक्रम में चारो तरफ आदिवासी पारंपरिक छंटा बिखरी नजर आ रही थी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि खुशी की बात है कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति व परंपरा को सहजने के लिए बढ़ चढ़कर आगे आ रहा है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें ग्राम सिलौटा के पावन भूमि में आकर एवं कर्मा तिहार में शामिल होकर बेहद खुशी हुई है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कर्मा उत्सव हमारे ग्रामीण क्षेत्र की पुरानी परंपरा। उन्होंने कर्मा के प्रकार का विवरण भी दिया। उन्होंने बताया कि एकदाशी करमा कुंवारी बेटियां,जीवित पुत्रिका करमा माताओं द्वारा किया जाता है। इसके अलावा फसलों की सुरक्षा के लिए कर्मा त्योहार मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पुरखों के द्वारा सौंपी परंपरा है जिसे हमे आगे भी जारी रखना है और आपसी एकता का परिचय देते हुये इसे निरंतर एकजुट होकर उत्साह पूर्वक मानना है। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि सभी अपने परंपराओं से जुड़े रहें।

रामभक्तों को अयोध्या धाम में निःशुल्क रामलला का दर्शन कराया जा रहा उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में निरंतर लोगों शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम आवास के द्वारा शासन लोगों को पक्का आवास प्रदान करने का कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए प्रदान किया जा रहा है जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। रामलला दर्शन योजना के द्वारा रामभक्तों को अयोध्या धाम में निःशुल्क रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। शासन द्वारा वनवासियों को लाभान्वित करते हुए तेंदूपत्ता संग्रहण का दर प्रति मानक बोरा 4000 रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए कर दिया है। साथ ही पीएससी घोटाला की जांच भी सीबीआई द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा इन वादों की तरह ही शीघ्र ही सरकार अपनी सारे वादों को पूरी करेगी। उन्होंने बताया कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार निरंतर आदिवासियों के सम्मान के लिए काम कर रही है। अति पिछड़ा वर्ग के आदिवासियों के विकास के लिए पीएम जनमन योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने जनजातीय उत्थान के लिए जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### विकास कार्यों पर आधारित स्टॉल का अवलोकन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले में शासन के विभिन्न विभागों के अंतगत किए जा रहे विकास कार्यों पर आधारित स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान श्री साय ने महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनांतर्गत गर्भवती महिलाओं का गोदभराई संस्कार एवं 06 माह तक के बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों द्वारा समस्त महिलाओं के ओर से मुख्यमंत्री श्री साय को उपहार के साथ सम्मानित करते हुए धन्यवाद दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतगत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समूह की महिला के परिजन को पीएम सुरक्षा योजना अंर्तगत 02 लाख का चेक प्रदान कर योजना से लाभान्वित किया गया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छाग्रहियो को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही पीएम आवास योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को खुशियों की चाबी सौंपी गई। कृषि विभाग की योजनांतर्गत मुख्यमंत्री श्री साय केसीसी कार्यक्रम अंतर्गत चेक एवं पीएम फसल बीमा योजना के मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अंतर्गत पॉलिसी सर्टिफिकेट प्रदान किया। राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत हितग्राहीयों को सब्सिडी का चेक, फसल बीमा योजना के तहत हॉर्टिकल्चर के हितग्राहीयों को चेक एवं मत्स्यपालको को आइस बॉक्स एवं जाल का वितरण किया गया। साथ समाज कल्याण विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत लैपटॉप एवं मोटराइज ट्राइसिकल का वितरण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने चैंपियंस ऑफ़ चैंज अवार्ड कार्यक्रम का किया शुभारंभ

गौरतलब है कि जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को इस अवॉर्ड के तहत सम्मानित करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा नवाचारी पहल करते हुए इस योजना को शुरू किया गया है । इस अभिनव पहल का उद्देश्य उन व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और जो अपने विभाग में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### मुख्यमंत्री ने समाधान सूरजपुर एप्प का किया शुभारम्भ

समाधान सूरजपुर,जिला प्रशासन सूरजपुर की एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करना है । यह एक व्हाट्सएप-आधारित बॉट प्लेटफ़ॉर्म है, जो जिला प्रशासन को नागरिकों से जोड़ता है। इस प्रणाली के माध्यम से नागरिक अपने घर से ही वॉट्सएप के माध्यम से शिकायतें,मांगें या सुझाव दर्ज कर सकते हैं। एक बार शिकायत चैटबॉट के माध्यम से दर्ज हो जाती है, तो वह स्वतः समाधान पोर्टल पर परिलक्षित होती है और संबंधित विभाग को अग्रेषित कर दी जाती है, जहां उसका समाधान किया जाता है।

### करमा महोत्सव को सरगुजा की विशिष्ट पहचान

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि करमा महोत्सव को सरगुजा की विशिष्ट पहचान बताया। करमा का पर्व सरगुजा के मिट्टी में रची बसी है। उन्होंने कहा कि करमा पर्व यहां के आदिवासी जनता का प्रकृति से संबंध को प्रदर्शित करता है।

### करमा महोत्सव प्राकृतिक धरोहर

महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि करमा महोत्सव प्राकृतिक धरोहर का अभिन्न अंग है। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण और करम की प्रधानता को उल्लेखित किया।

### मुख्यमंत्री के सुशासन से क्षेत्र में बदलाव आ रहा है...

विधायक प्रतापपुर शकुंतला सिंह पोर्ते ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के स्वागत में अभिनंदन पत्र का वाचन किया। जिसमें उन्होंने कर्मा तिहार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति पर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया व क्षेत्र की जनता की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन से क्षेत्र में बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा आज क्षेत्र ही नहीं अपितु जिले व पूरे प्रदेश का समावेशी विकास हो रहा है।

सिलौटा प्रतापपुर ''आदिवासी करमा महातिहार'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा- इस आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने इस अवसर पर प्रत्तापपुर में नवीन एसडीएम कार्यालय का निर्माण, चंदोरा जजावल सड़क निर्माण, प्रतापपुर में रेस्ट हाउस निर्माण, प्रतापपुर में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण एवं प्रतापपुर क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए फर्स्ट रेफरल यूनिट की सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक प्रतापपुर शकुन्तला पोर्ते, प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, सीतापुर रामकुमार टोप्पो, लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, सरगुजा राजेश अग्रवाल, सामरी उद्धेश्वरी पैकरा,बैकुठपुर भैयालाल रजवाड़े एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे।







# मेला वाहन पार्किंग के नाम पर अराजक तत्वों द्वारा अवैध वसूली की खुली पोल

## सोशल मीडिया में वायरल हो रही वीडियो ने गुंडागर्दी का सच लाया सामने

**जिले की सबसे धनी नगर पालिका के बारे में अगर यह कहा जाय की इस समय दलालों और अराजक तत्वों के कब्जे में है कहीं से गलत नहीं लग रहा है दिन भर नगर पालिका में धमा-चौकड़ी मचाने वाले कुछ दलाल हमेशा अवसर की ताक में लगे रहते हैं और इन्हें जैसे ही समय मिलता है यह अवसर को भुनाने में नहीं चूकते। वही इस बार मेला वाहन पार्किंग के नाम पर कटी दो प्रकार की रसीदे इस बात की गवाह है।**






-अरविंद द्विवेदी-
अनूपपुर (बिजुरी), 14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
सरस्वती शिशु मंदिर बिजुरी में नगर पालिका के द्वारा बनाए गए मेला वाहन पार्किंग स्टैंड के सामने बीच सड़क पर खड़े होकर आधा दर्जन से ज्यादा अराजक तत्व आने-जाने वाली जनता को जबरन वाहन स्टैंड में गाड़ी खड़ी करने के लिए बाध्य कर रहे थे। यही नहीं जिन लोगों को इस रास्ते से रेलवे ओवर ब्रिज होते हुए मनेन्द्रगढ़,राजनगर,रामनगर या डोला भी जाना था उनको भी जबरन रोककर अवैध वसूली का प्रकरण इस समय सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो के कारण चर्चा में बना हुआ है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका बिजुरी के द्वारा दशहरा मेला के अवसर पर बिजुरी के मार्केट में वाहनों के कारण जाम जैसी स्थिति न पैदा हो जाए और आम लोगों को परेशानी ना हो इसके लिए जगह-जगह वाहन पार्किंग स्टैंड बनाए गए थे जहां पर निर्धारित शुल्क जमा करने पर आम जनता अपना वाहन सुरक्षित खड़ा कर सकती थी। लेकिन बिजुरी नगर पालिका में सुबह से लेकर शाम तक अपना अड्डा जमाए बैठे कुछ दलाल किस्म के अराजक तत्व जो अपने चेहरे पर पत्रकारिता का नकाब लगाए हुए हैं ऐसे ही किसी अवसर को भूनाने की ताक में रहते हैं और यही कारण था कि वह नगर पालिका को सहयोग करने का ढीढोरा पीटते हुए पहले से ही अपनी जेब में रखी हुई वाहन पार्किंग की फर्जी रसीद काटकर अपनी जेब भरते रहे।

### अवैध वसूली प्रकरण में जिम्मेदारों की चुप्पी

वायरल वीडियो के बाद जब एक-एक करके कई चेहरे बेनकाब हो रहे थे तो ऐसे ही एक अराजक तत्व ने जो पत्रकारिता का चोला ओढ़कर अवैध वसूली के दौरान उसका कहना था कि वह जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सहयोग कर रहा था। जबकि सच क्या है यह पूरी जनता वायरल वीडियो के बाद देख चुकी है और सबसे बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस नगर पालिका के नाम पर फर्जी रसीद काट करके अवैध वसूली की गई उस नगर पालिका के जिम्मेदार इस सनसनीखेज प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए हैं। इसके बाद अब आम जनता कहने लगी है कि कहीं ना कहीं इस फजी अवैध वसूली में नगर पालिका के जिम्मेदारों का भी तो हाथ नहीं है। फिलहाल तो यह जांच का विषय है और देखना है कि नगर पालिका अपने नाम की फर्जी रसीद काट कर वसूली करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

### तो...खुलेआम चली फर्जी रसीद से अवैध वसूली

इसी तर्ज पर लगातार पूरी शाम कई अन्य वाहनों के सामने जाकर वाहन मालिकों और चालकों से बदसलूकी करने वाला यह एंकर बिलाल अहमद के पीछे एक शख्स लाठी लेकर भी चल रहा है। अब तो सवाल यह खड़ा हो रहा है कि क्या इसी लाठी के दम पर जनता से अवैध वसूली की गई या फिर नगर पालिका में बैठकर वहां की रणनीति जानने के बाद अपनी रोटी पकाने के लिए पूरी प्लानिंग करके आधा दर्जन से ज्यादा अराजक तत्व सड़क पर खुलेआम फर्जी रसीद के सहारे अवैध वसूली करते रहे और ना तो इसकी भनक पुलिस को लगी और ना प्रशासन को.? वहीं नगर पालिका भी अपने को इस पूरे प्रकरण से अनजान बता रही है ऐसे में तो सवाल खड़ा ही होता है कि आखिर यह बिना इनके जानकारी या संरक्षण में कैसे संभव हो गया।




### सहयोग का चोला ओढ़कर सरेआम गुंडागर्दी

वायरल हो रहे वीडियो में अपने आप को टीवी 27 का एंकर बताने वाले इस शख्स को देखिए जो डिवाइडर पर बैठकर आने जाने वाली आम जनता का किस तरह से सहयोग कर रहा है यह देखने सुनने वाले ही अच्छी तरह से बता सकते हैं। फिलहाल अपनी पत्नी के साथ मनेन्द्रगढ़ जाने वाला एक युवक मौके पर गिड़गिड़ाते हुए यह बता रहा है कि उसे मेले के अंदर नहीं जाना है रेलवे ओवर ब्रिज के रास्ते से वह मैनेंद्रगढ़ जाएगा उसे जाने दिया जाए अर्जेंट है। लेकिन जनता के सहयोग का चोला ओढ़कर गुंडागर्दी के साथ फर्जी रसीद काटकर अवैध वसूली करने के खातिर बीच सड़क में अवरोध लगाकर बैठा यह शख्स वायरल हो रहे वीडियो में अपनी पहचान बड़े गर्व के साथ टीवी 27 का रिपोर्टर एंकर बिलाल अहमद के रूप में बताते हुए कहता है कि चाहे जिसको बुला लो गाड़ी तो स्टैंड में खड़ी करनी ही पड़ेगी।

### नगर पालिका के पास नहीं है सवाल के जबाब

वायरल हो रहे वीडियो और दो-दो तरह की अलग-अलग वाहन पार्किंग की रसीद सामने आने के बाद नगर पालिका बिजुरी के जिम्मेदार अधिकारियों और जनता के चुने गए जनप्रतिनिधियां के पास इस प्रकरण से संबंधित किसी भी सवाल का कोई जवाब नहीं है। इस संबंध में जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना था कि नगर पालिका की तरफ से स्टैंड बनाया गया था और वहां पर नगर पालिका के ही कर्मचारी तैनात किए गए थे। इस दौरान वहां पर बाहरी लोग कैसे पहुंचे और क्या किया इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष से लेकर कई पार्षदों को जब इस संबंध में फोन पर बातचीत करने की कोशिश की गई तो बार-बार फोन करने के बावजूद उनका फोन रिसीव नहीं हो रहा था। जिसका एक ही मतलब निकाला जा रहा है कि वायरल हो रहे वीडियो और स्टैंड की फर्जी रसीद सामने आने के बाद नगर पालिका के संरक्षण की पोल खुल जाने से अब इनके पास हमारे सवालों के जवाब नहीं है जिसके कारण यह फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं। फिलहाल जनता के हितों और सुविधाओं के लिए जनता के द्वारा चुनी गई इस नगर सरकार के कार्यालय में कुछ जिम्मेदारों की शह के कारण जिस तरह से दलालों और अराजक तत्वों का कब्जा है उसको देख कर तो यही कहा जा सकता है कि अब इस नगर की जनता का भगवान ही मालिक है।

# बालको एवं बिहान के संयुक्त प्रयास से महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर




-संवाददाता-
कोरबा, 14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
कोरबा कलेक्ट्रेट में मुख्य अतिथि रीना अजय जायसवाल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कोरबा और चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने टी एवं कॉफी आउटलेट 'उनाटी' का उद्घाटन किया। छत्तीसगढ़ में संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के सहयोग से बालको की उन्नति परियोजना के माइक्रो एंटरप्राइज 'उनाटी' के स्टॉल की शुरूआत की गई। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं कलेक्ट्रेट में विभिन्न फ्लेवर की चाय, कॉफी और नाश्ता बेचेंगी। बिहान और बालको द्वारा एसएचजी महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके बेहतर जीवनशैली को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक मजबूत कदम है। कलेक्ट्रेट परिसर में उन्नति परियोजना के अंतर्गत आउटलेट 'उनाटी' को ग्राम नकटीखार की मातृ भूमि स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। यहां जसपूर एवं बस्तर से उत्पादित चाय तथा कॉफी के विभिन्न फ्लेवर के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक कलेवा का स्वाद भी ग्राहक ले सकेंगे। उन्नति परियोजन के छत्तीसा माइक्रो एंटरप्राइज द्वारा निर्मित सलोनी, खाजा और चॉकलेट भी यहां पर विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। महिलाओं के द्वारा संचालित इस उद्यम का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है, इसीलिए बालको एवं बिहान मंच के संयुक्त प्रयास से ऐसे अन्य उद्यम इकाइयों की स्थापना और प्रोत्साहन की योजना है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने उन्नति परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से हम समुदाय में सकारात्मक बदलाव के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने तथा समाज में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करें। श्री कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, समाज और देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान दे रही हैं।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा पूर्व सेवा गणना को लेकर सौंपेगा ज्ञापन

-संवाददाता-
सूरजपुर, 14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा,मोर्चा के प्रदेश संचालक संजय शर्मा,बिरेंद्र दुबे,मनीष मिश्रा,विकास राजपूत ने सभी जिलों में भव्य रूप से उपस्थित होकर ज्ञापन देने का आह्वान किया है ।
शिक्षक मोर्चा के प्रदेश सह संचालक रंजय सिंह,जिला संचालक भूपेश सिंह, यादवेंद्र दुबे विजय साहू ने बताया कि शासन द्वारा शिक्षक एलबी संवर्ग का संविलयन पूर्व सेवा की गणना नहीं किया जा रहा है जिससे इस संवर्ग में कार्यरत शिक्षकों को अत्यधिक नुकसान हो रहा है कई शिक्षक खाली हाथ सेवानिवृत्त हो रहे है जो उचित नहीं हैं इन्होंने बताया कि शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री , मुख्यसचिव ,शिक्षा सचिव सहित अन्य को मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नति प्रदान करने,पुनरीक्षित वेतनमान का 1.86 से गुणांक कर वेतन निर्धारण करने,पूर्व सेवा की गणना करते हुए पेंशन इत्यादि का भुगतान करने के साथ ही 33वर्ष में पूर्ण पेंशन की सीमा को कम कर 20 वर्ष करने,उच्च न्यायालय के डबल बेंच के निर्णयानुसार क्रमोन्नति प्रदान करने,शिक्षक कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें ये पांच सूत्रीय मांग प्रमुख रूप से शामिल हैं । शिक्षक मोर्चा के जिला संचालकों ने जिले के समस्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों से चौदह अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय के समक्ष ज्ञापन हेतु 4 बजे उपस्थित होने की अपील किया है ।

# जनदर्शन में पटवारी की हई शिकायत, पैसा लेने के एवज में काम नहीं करने का लगा आरोप



-संवाददाता-
कोरबा, 14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं सम्बंधित अधिकारियों को आवेदनों का जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज ग्राम तिलकेजा के ग्रामीण बसंत राव शिंदे ने फौती नामांतरण,ऋ ण पुस्तिका बनाने के लिए पटवारी द्वारा पैसा मांगने और 25 हजार रूपए दिए जाने के पश्चात् भी ऋण पुस्तिका नहीं बनाने की शिकायत करते हुए संबंधित पटवारी के विरूद्ध कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार को आवेदन प्रेषित कर इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में राजस्व अभिलेख, विद्युत विभाग,ट्राइसाइकल की मांग, जमीन विवाद तथा अपनी जमीन अन्य लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत की है। रूमगरा की फूलबाई कंवर ने जनदर्शन में कलेक्टर को शिकायत की है कि उनके खसरा नंबर 813/5 रकबा 0.53 को गैर आदिवासी द्वारा कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने अपनी शिकायत में नंदकिशोर, बाबूचंद, मतिबाई पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कब्जा धारियों द्वारा उनके हक की ज़मीन पर कब्जा कर अनावश्यक विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। इसी तरह जनदर्शन में ग्राम बोकरदा तहसील करतला के अजय कुमार ने वनभूमि को साठगांठ कर पट्टे प्राप्त करने और निरस्त करने, सरस्वती सोनी ने अभिलेख में नामांतरण, ग्राम कोथारी की सुकुत राम ने उनकी जमीन को अन्य व्यक्ति के नाम पर कराने की शिकायत की। इसके साथ ही जनदर्शन में केसला भिलाईबाजार में सबस्टेशन और कर्मचारी की मांग, सरईसिंगार से धरमपुर तक सड़क डामरीकरण की मांग सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान खाद्य, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला व बाल विकास सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सदस्यता अभियान का रेणुका ने लक्ष्य किया पूरा

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़, 14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने अपने रेफरल आईडी से 10 हजार से ज्यादा बीजेपी के सदस्य बना कर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मिले लक्ष्य को पूरा कर लिया हैं। विधायक रेणुका सिंह ने लक्ष्य पूरा होने पर क्षेत्र के देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। दरअसल,2 सितंबर से शुरू हुए भाजपा संगठन के सदस्यता अभियान के लिए सभी नेताओं को लक्ष्य दिया गया है। छत्तीसगढ़ में अब तक 33 लाख सदस्य हैं, इससे ज्यादा सदस्य बनाए जायेंगे। सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने की लक्ष्य दिया गया है। अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता बनवाते हुए भरतपुर सोनहत विधानसभा में 10 हजार से अधिक सदस्य बनवा चुकी हैं। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की है कि 15 अक्टूबर तक अभियान के तहत सदस्य बनाने कार्य करते रहे। कार्यकर्ताओं की टीम के साथ सुबह शाम अलग अलग शेड्यूल बनाकर सदस्यता अभियान को लेकर विधायक रेणुका सिंह स्वयं मैदान में उतरकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर रही हैं। प्रदेश द्वारा निर्धारित सदस्यता एवं पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य को पार करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रही है। विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के जनकपुर, केल्हारी, कोटडोल, सोनहत, रामगढ़, नागपुर, बरबसपुर, नई लेदरी, खोंगापानी, चैनपुर, लोहारी, सरभोका, तारबहरा, पसौरी, उजियारपुर समेत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर नागरिकों से संपर्क कर भाजपा से जुडने की अपील करते हुए स्वयं ही अपने रेफरल कोड से भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवा रही है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरला अग्रवाल पत्नी संजय अग्रवाल जाती अग्रवाल निवासी खरसिया नाका अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 4600/1, 4600/24 रकबा 0.041, 0.027 कुल रकबा 0.068 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवयायिक (गोदाम) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,सेटमेंट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 25/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरला अग्रवाल पत्नी संजय अग्रवाल जाती अग्रवाल निवासी खरसिया नाका अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 4607/9, 4607/10 रकबा 0.015, 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 25/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./ब-121/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नाजरा बेगम आ0 स्व0 निजामुद्दीन अंसारी निवासी इंमलीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला मायापुर नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 1598/29 रकबा 0.03 एकड़ भूमि से प्रस्तावित नक्शानुसार भू-तल पर रकबा 79.99 वर्गमीटर प्रथम तल पर रकबा 72.99 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भवन निर्माण कराने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूपिंट नक्शा की प्रति संहित आवेदन पत्र भवन निर्माण शाखा में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायायालय प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/10/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./अ-20(3)/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलदेव प्रसाद आ0 साधू साव आयु लगभग 75 साल जाति सोनार निवासी पंजशील गली अम्बिकापुर थाना तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला देवीगंज रोड नगर अम्बिकापुर सीट नम्बर 03 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1038/2 रकबा $0.04^{1/2}$ एकड़ 14.4×32.8=472.32 वर्गफीट भूमि को अनावेदक संजय श्रीवास्तव आ0 स्व0 राधिका रमण श्रीवास्तव जाति कायस्थ निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास रूपये - 15,00.000-00 में विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र, मय दस्तावेज मेंटनेन्स खसरा, की प्रति संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/10/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र./अ-6/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलराज अग्रवाल आ0 स्व0 इन्द्रसेन अग्रवाल उम्र 60 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर वार्ड क्रमांक-26 थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला ब्रम्ह रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड 3230/7 में से रकबा 1785 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 30/06/2018 के माध्यम से विक्रेता आकाश ग्रप्ता आ0 स्व0 काशीचंद गुप्ता निवासी ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर से क्रय करने के कारण अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु संहिता धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र, मंटनेन्स खसरा की छायाप्रति की पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/10/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

# क्या अब पुलिस को अपराध पर अंकुश लगाने की सजा उसके परिवार के सदस्यों की जान देकर चुकानी पड़ेगी?





## जिला बदर के आरोपी ने की पुलिसकर्मी की पत्नी व 12 साल की पुत्री की हत्या

### जिला बदर आरोपी को लेकर पूरे शहर में दहशत,पुलिस वालों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का भी किया प्रयास?

### जिला बदर के आरोपी ने फिल्मी तरीके से पुलिस वाले के परिवार को बनाया अपना शिकार

### सूरजपुर पुलिस के लिए जिला बदर के आरोपी को पकड़ना अब बनी चुनौती



पत्नी मेहू फैज शव



बेटी आलिया शेख


### जिला बदर के आरोपी के इस कृत्य को लेकर शहर गुस्से में...मुख्यमंत्री के सूरजपुर जिले में आगमन से पहले हुई बड़ी घटना


### जिला बदर आरोपी का भाई व चाचा जेल में जिसकी वजह से पुलिस को परेशान करने के लिए उतावला दिखा आरोपी

### जिला बदर का ही आरोपी है पुलिसकर्मी के पत्नी और बेटी का हत्यारा यह है भले ही आशंका,लेकिन आशंका है सत्य के करीब

### अक्रोशित भीड़ ने जिला बदर के आरोपी के घर को भी किया आग के हवाले

### शहर में उग्र भीड़ ने एसडीएम पर भी हमला करने का किया भरसक प्रयास





-ओमकार पांडेय-
सुरजपुर, 14 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

प्रदेश के मुखिया का आगमन सूरजपुर जिले के विधानसभा प्रतापपुर में होने से पहले एक बड़ी घटना सामने आई, जिसमें जिला बदर का आरोपी एक पुलिस वाले पर खौलता हुआ तेल डाल दिया तो वहीं एक पुलिसकर्मी की पत्नी व बच्ची को मौत के घाट उतार दिया, यह घटना प्रदेश के लिए बड़ी घटना में से एक है इस घटना को लेकर पूरा शहर आक्रोशित है और आरोपी के विरुद्ध एनकाउंटर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। जिसे लेकर पूरा शहर बंद रहा,वहीं पुलिस भी गहमा-गहमी के माहौल में दिखी। एक तरफ जहां प्रधान आरक्षक अपनी पत्नी व बच्ची का शव देखकर बेहोश हो गया तो वही पूरा शहर इस मामले के बाद आक्रोश की अग्नि में जनता दिखा।

प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा अभी जारी ही थी और विपक्ष प्रदेश की कानून व्यवस्था पर प्रश्न लगातार उठा ही रहा था इस बीच सरगुजा संभाग साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री के गृह संभाग के सूरजपुर जिले से ऐसी खबर उसे दिन सामने आई जिस दिन मुख्यमंत्री का आगमन भी सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में होने जा रहा था, उनके आगमन से ठीक पहले 13 अक्टूबर की रात से यह मामला सामने आया 13 अक्टूबर की रात जहां मानसिक रोगी जैसा खूंखार अपराधी कुलदीप साहू ने रात लगभग 9:00 बजे एक पुलिसकर्मी हेमंत सोनवानी पर उबलता हुआ गरम तेल फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अंबिकापुर अस्पताल रेफर किया गया, इस समय पुलिस वाले आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयास कर रहे थे कि आरोपी तीन-चार पुलिस वालों को पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया, पुलिस वाले बच गए और उसका पीछा करने लगे, पुलिस जहां उसको ढूंढ रही थी कि इस बीच एक और घटना रात के 12:00 बजे पता चला जब सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ तालिब शेख घर पहुंचा तो देखा कि उसकी पत्नी व बच्चों को उठाकर ले गया है और पूरा घर खून से लतपत था। घर की हालत देखकर तालिब शेख तत्काल अपने थाना को सूचना दिया और उसके बाद से फिर आरोपी को खोजते खोजते सुबह हो गई, सुबह प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी व बेटी का शव शहर ग्राम पीड़ा के पास मिला रास्ते के एक तरफ जहां पत्नी का शव था तो वहीं दूसरी तरफ बेटी का शव। पुलिस घटनास्थल व घर से जो भी सबूत बरामद हुए उसे ले आई, साथ ही फॉरेंसिक की टीम भी पूरे मामले की जांच बारीकी से करने में जुट गई है। वहीं पीएम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।




अक्रोशित भीड़ ने हत्यारे के घर व गोदाम को किया आग के हवाले

## क्या कानून व्यवस्था को बनाना ही पुलिसकर्मी को पड़ा महंगा?

जिस पुलिसकर्मी के साथ यह घटना हुई वह पुलिसकर्मी कुछ दिन पहले उसके आरोपी भाई व चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था,चाचा जहां कबाड़ी है तो वहीं भाई ने एक व्यक्ति को छत से धकेल दिया था जिसमें वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी शिकायत पर हत्यारे आरोपी का आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था,उसे बात की खुलना पुलिस वालों से रखने वाला आरोपी जो जिला बदर भी था अचानक भाई के जेल जाने के बाद पुलिस वालों को मौत के घाट उतारने की तैयारी से आया था।

## सड़क पर उतरी जनता

कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी व बेटी की हत्या मामले में सूरजपुर नगर की जनता सडक़ पर उतर आई है। गुस्साए लोगों ने नगर बंद का ऐलान कर दिया है। घटना से आक्रोशित भीड़ ने दोपहर सवा 12 बजे आरोपी कुख्यात बदमाश कुलदीप साहू के घर में आग लगा दी। सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड की टीम मौके पर आग बुझाने पहुंची,लेकिन भीड़ ने उसे रोक दिया।

## एसडीएम भी हुए आक्रोशित जनता के शिकार

डबल मर्डर से आक्रोशित जनता द्वारा आरोपी कुलदीप साहू का घर फूंके जाने की खबर पर सूरजपुर एसडीएम मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया तथा आरोपी के घर में लगी आग बुझाने देने को कहा। इससे गुस्साए लोगों ने एसडीएम पर ही हमला कर दिया। उन्होंने एसडीएम की पिटाई शुरु कर दी। इस दौरान किसी तरह जान बचाकर एसडीएम भागते हुए थाने पहुंचे।

## इन दो मासूम की गई जान

गौरतलब है कि सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख नगर के रिंग रोड महगवां स्थित किराए के मकान में प्रथम मंजिल पर पत्नी मेहू फैज 38 वर्ष व 12 वर्षीय बेटी आलिया शेख के साथ रहते हैं। रविवार की रात वे ड्यूटी पर थे। रात को वे जब घर पहुंचे तो पत्नी व बेटी गायब थे,घर में चारों ओर खून के छींटे बिखरे हुए थे। किसी अनहोनी की आशंका पर तत्काल उन्होंने अपने आला अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद पत्नी व बेटी की खोजबीन शुरु की गई। प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी का रातभर पता नहीं चला। सोमवार की सुबह दोनों का शव सूरजपुर नगर से करीब 4 किमी दूर ग्राम पीढ़ा स्थित खेत के नालीनूमा गड्ढे में पड़ा मिला। पत्नी का शव सडक़ के इस किनारे गड्ढे में जबकि बेटी का शव सडक़ के दूसरी ओर गड्ढे में अर्द्धनग्न अवस्था में मिला।

## आदतन कुख्यात बदमाश ने की है हत्या

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले का कुख्यात बदमाश कुलदीप साहू ने प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की हत्या की है। बताया जा रहा है कि आरक्षक घनश्याम सोनवानी के ऊपर खौलता हुआ तेल उड़लने के बाद शुरु हुए विवाद के बाद तालिब शेख समेत अन्य पुलिसकर्मी उसकी खोजबीन में लगे थे। तालिब शेख ने उसे पकडऩे की कोशिश भी की थी। इस विवाद के बाद बदमाश कुलदीप साहू रात में ही प्रधान आरक्षक तालिब शेख के किराए के मकान में ग्राम महगवां पहुंचा और प्रथम मंजिल पर स्थित घर का दरवाजा तोडक़र घुसा। यहां उसने चाकू व तलवार ने पत्नी व बेटी की नृशंस हत्या कर दी और दोनों की लाश अपनी चारपहिया गाड़ी में डालकर शव को ग्राम पीढ़ा में फेंक दिया।

## आरोपी के एनकाउंटर व फांसी की उठ रही मांग

आरोपी के कृत को लेकर जनता में खूब आक्रोश देखने को मिला, जनता सड़कों पर उतर गई और इस घटना को लेकर आक्रोश में वह जलती रही, जहां पूरा शहर को बंद कर दिया गया वहीं आरोपी के घर को भी भीड़ ने आग में तब्दील कर दिया, साथ ही उसके गोदाम को भी जला दिया। अभी भी आक्रोशित लोग थाना के सामने डटे हुए हैं और हत्यारे को फांसी देने से लेकर जहां दिखे वहां एनकाउंटर करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस जहां मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उनके सुरक्षा में व्यस्त रही तो वहीं इस बड़े मामले पर पुलिस कमजोर पड़ गई।

## पुलिस के सामने से भाग निकला आरोपी

आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस के साथ लुका छुपी खेल रहा था तब तक पुलिस को भी नहीं पता था कि इतनी बड़ी घटना को वारदात आरोपी ने दे दिया है पुलिस पकड़ने का प्रयास कर रही थी पर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया कुख्यात आरोपी। ऐसा माना जा रहा है कि पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी पर पुलिस के हत्थे कब चढ़ेगा आरोपी इसे लेकर संशय बरकरार है।



मौके पर पहुंचे एसपी सूरजपुर



मौके पर पहुची पुलिस

## घटना के बाद अशांत हुआ शहर

14 अक्टूबर सुबह को जैसे ही प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी के शव मिलने की जानकारी आई एक बार पूरे प्रदेश में पुनः कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर यह चर्चा शुरू हो गई की क्या वाकई नई सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर असफल साबित हो रही है? कानून व्यवस्था सम्हाल पाने में वह असमर्थ साबित हो रही है। वैसे 14 अक्टूबर को सुबह सुबह जो खबर सूरजपुर जिले से सामने आई उसके बाद तो यह प्रश्न उठना भी था, जो उठा भी, वहीं दिन जैसे जैसे बीतता गया वैसे वैसे सूरजपुर जिले के जिला मुख्यालय में हलचल बढ़ती रही शांत एक शहर में आक्रोश उबाल खाता रहा वहीं आगजनी सहित अधिकारियों पर हमले भी लोगों ने किए और कहीं न कहीं अपने आक्रोश को शहर वासियों ने जाहिर किया। मामला एक जिला बदर के आरोपी से जुड़ा हुआ था जिसकी दो दिनों की गतिविधि पर नजर रख रही और उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही पुलिस को एक बड़ा नुकसान उठाना पड़ा और जिला बदर के आरोपी को पकड़ने निकली पुलिस टीम के एक सदस्य की पत्नी बेटी की हत्या की खबर सामने आई और शव घर से 5 किमी दूर बरामद हुआ। माना जा रहा है की पुलिसकर्मी की पत्नी और उसकी बेटी की हत्या जिला बदर के आरोपी ने ही की है और उसने ही पुलिस को एक चेतावनी देने का प्रयास किया है और उसके प्रयास में दो मासूम जाने चलीं गईं। वैसे अभी पुलिस को शक है की जिला बदर के आरोपी ने ही पुलिसकर्मी की पत्नी पुत्री की हत्या की है और कुछ घंटे पूर्व उसके द्वारा एक पुलिस कर्मी के ऊपर खौलता हुआ तेल डाला गया था बाद में कुछ पुलिसकर्मियों के ऊपर गाड़ी भी चढ़ाने का प्रयास उसके द्वारा किया गया था वहीं जब पूरी कोतवाली की पुलिस टीम आरोपी को ढूंढ रही थी तभी एक बड़ी ही दर्दनाक और दिल दहला देने वाली खबर निकलकर सामने आई जिसने जिले को तो दहलाया ही वहीं पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा प्रश्न खड़ा कर दिया।



इस घर से आरोपी प्रधान आरक्षक तालिब पत्नी व बेटी को ले गया था...



## संक्षिप्त खेल की खबरें

### रानी रामपाल अंतरराष्ट्रीय करियर को कहेंगी अलविदा




**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2024।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल जल्द ही अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। बता दें कि, रानी लंबे समय यानी की 3 साल से टीम इंडिया से बाहर हैं। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह भारत-जर्मनी मैच के दौरान अपने फैसले का ऐलान कर सकती हैं।

### बाबर आजम समेत 3 खिलाड़ियों को पाकिस्तान टेस्ट स्क्वॉयड से ड्रॉप करने पर इस पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी ने जताई नाराजगी

**पेशावर, 14 अक्टूबर 2024।** स्टार बल्लेबाज बाबर आजम, धाकड़ तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह का पाकिस्तान टेस्ट टीम से पत्ता कट गया है। तीनों को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए नहीं चुना गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा कि प्रमुख खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए आराम देने का फैसला किया गया है। बाबर समेत तीन स्टार खिलाड़ियों को ड्रॉप होने पर पूर्व पाकिस्तान क्रिकेटर बासित अली भड़क गए हैं।




# रोहित शर्मा के पास महारिकॉर्ड को तोड़ने का मौका

**» टेस्ट क्रिकेट में ऐसे बन सकते हैं सिक्सर किंग**




**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2024।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में 16 अक्टूबर से खेला जाएगा। टीम इंडिया इस मुकाबले के लिए तैयारी कर रही है। सीरीज के लिए दोनों टीमों ने अपने स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया है। इसी बीच टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा इस सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान एक महारिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। रोहित शर्मा अपने लंबे हिट के लिए जाने जाते हैं। यही कारण है कि फैंस उन्हें हिटमैन के नाम से जानते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि वह रिकॉर्ड क्या है।

#### रोहित शर्मा बन सकते हैं सिक्सर किंग

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान सिर्फ 5 छक्के जड़ देते हैं तो वह सिक्सर किंग बन जाएंगे। रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट में 87 छक्के जड़े हैं। दरअसल भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। वहीं इस लिस्ट में पहले स्थान पर वीरेंद्र सहवाग का नाम है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 104 मैचों में 91 छक्के जड़े हैं। ऐसे में रोहित शर्मा पांच छक्के जड़ते ही वीरेंद्र सहवाग से आगे निकल जाएंगे। रोहित शर्मा पहले ही वनडे क्रिकेट और टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी हैं। टेस्ट फॉर्मेट में भी उनके पास टॉप पर आने का मौका।

#### न्यूजीलैंड सीरीज टीम इंडिया के लिए अहम

भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज टीम इंडिया के लिए काफी अहम है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारतीय टीम इस वक्त पहले स्थान पर मौजूद है। टीम इंडिया को अपनी स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए इस सीरीज में 3-0 से जीत हासिल करनी होगी। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। जहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज के दौरान भारत के लिए जीत हासिल करना आसान काम नहीं होगा, ऐसे में पहले से ही अपनी स्थिति को मजबूत करना काफी जरूरी है।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका**

# चोटिल होने के कारण कैमरन ग्रीन बाहर




**सिडनी, 14अक्टूबर 2024।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। ग्रीन को अपनी रीढ़ की हड्डी की सर्चरी करानी होगी और पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह कम से कम 6 महीने तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इसका मतलब है कि वह केवल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ही नहीं बल्कि श्रीलंका दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। वह इंडियन प्रीमियर लगी 2025 से भी बाहर हो सकते हैं।

इस बीच इंडिया ए के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित हो गई है। युवा खिलाड़ी सैम कोंस्टास इस महीने के आखिरी में इंडिया ए के खिलाफ होने वाले मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में चुने गए हैं। इसके साथ ही वह टेस्ट टीम में चुने जाने की रेस में आ गए हैं। नेशनल सिलेक्शन पैनल ने सोमार को दो चार दिवसीय मुकाबलों के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की।

भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मद्देनजर सीरीज अहम है। ग्रीन के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के टॉप 6 में जगह खाली है। ऑलराउंडर के उपलब्ध न होने पर स्टीव स्मिथ नंबर 4 पर खेलते दिख सकते हैं। उस्मान ख्वाजा को नया ओपनिंग पार्टनर मिल सकता है। वैसे भी ऑस्ट्रेलिया टीम मैनेजमेंट स्मिथ को फिर से नंबर 4 पर खिलाने का विचार हो रहा है।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में स्टीव स्मिथ अपनी पुरानी जगह पर करेंगे बल्लेबाजी



**सिडनी, 14अक्टूबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से जब से डेविड वॉर्नर ने संन्यास लिया है। एक ओपनर की जगह खाली हो गई है। वॉर्नर के बाद पारी की शुरुआत कुछ मैचों में स्टीव स्मिथ ने की,लेकिन अब उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ओपनर के तौर पर खेलने से मना कर दिय है। ऐसे में अब ऑस्ट्रेलिया को नए ओपनर की तलाश करनी होगी। इसके अलावा इयान चैपल पहले ही इस बात की दलील दे चुके हैं कि ट्रेविस हेड से भी ओपनिंग मत कराना। उनको आर अश्विन जैसे स्पिनर को टेकल करने के लिए रखना। यही कारण है कि अब टीम के चयनकर्ता जॉर्ज बेली की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नेशनल सिलेक्टर जॉर्जर बेली ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में ओपनर के तौर पर नहीं खेलेंगे। उन्होंने खुद ही नंबर चार पर खेलने का फैसला किया है। उन्होंने कुछ मैचों में ही पारी की शुरुआत की, लेकिन वे सफल नहीं हुए।

# भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कोच यानेक शॉपमैन लौटीं भारत

**» इंडिया में औरतों की इज्जत नहीं होने का लगाया था आरोप**




**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2024।** भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। इसके बाद टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने हॉकी इंडिया के माहौल को लेकर काफी कुछ कहा। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत में औरतों की बातों की अहमियत नहीं है। अब वही शॉपमैन भारत लौट आई हैं। एक बार फिर कोचिंग स्टाफ का हिस्सा लेंगी लेकिन इस बार भारतीय टीम के डगआउट में नजर नहीं आएंगी।

हॉकी इंडिया लीग में रविवार को पुरुष टीमों ने बोली लगाई। ऑक्शन के दौरान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ भी मौजूद थे। इस दौरान यानेक शॉपमैन भी ऑक्शन रूम में दिलाई दी। वह 15 अक्टूबर को ओडिशा महिला टीम की टेबल पर भी नजर आ सकती है। उन्हीं लोगों के बीच जिन पर उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाए थे और फिर भारत छोड़कर चली गई थीं।

शॉपमैन ओडिशा की महिला टीम का हिस्सा हैं। उन्हें बतौर टेक्निकल डायरेक्टर टीम से जोड़ा गया है। इसी जिम्मेदारी के लिए शॉपमैन वापस आई हैं। ओडिशा वही राज्य है जहां शॉपमैन आखिरी बार महिला टीम के साथ नजर आई।



## पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लंबे समय बाद ऑस्ट्रेलिया की अगुवाई करेंगे कमिंस

**सिडनी, 14 अक्टूबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी20 श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझने वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को एक और मौका दिया गया है।

# इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स की पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की टीम में वापसी



**मुल्तान, 14 अक्टूबर 2024।** पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण अगस्त से टीम से बाहर थे। इस श्रृंखला के पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रनों से हराया था। इंग्लैंड की एकादश में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया गया है। स्टोक्स ने तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह ली है जबकि टीम ने दोनों स्पिनरों शोएब बशीर और जैक लीच को अपनी एकादश में बरकरार रखा है।

इंग्लैंड टीम प्रबंधन के अनुसार स्टोक्स ने पिछले कुछ दिनों में नेट सत्र के दौरान बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी और बल्लेबाजी की है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने उन्हें वापसी के लिए मंजूरी दे दी है। इस 33 साल के हरफनमौला को अगस्त में 'द हंड्रेड' में खेलते समय चोट लगी थी। वह इस चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला के बाद पाकिस्तान के इस दौरे के शुरुआती टेस्ट को नहीं खेल सके थे। पाकिस्तान ने अभी तक अपनी अंतिम एकादश की घोषणा नहीं की है। चयनकर्ताओं ने हालांकि रविवार को बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को शेष दो टेस्ट से बाहर कर दिया। इसके साथ ही सरफराज अहमद को भी टीम से बाहर कर दिया।


# रजनीकांत-अमिताभ बच्चन की जोड़ी ने फिर दिखाया कमाल




रजनीकांत और अमिताभ बच्चन को साथ स्क्रीन शेयर करता देखने के लिए तरस रहे दर्शकों का ख्वाब फिल्म वेट्टैयन के जरिए पूरा हो गया है. वेट्टैयन 10 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई और पर्दे पर आते ही बॉक्स ऑफिस पर छा गई. फिल्म महज दो दिन में 50 करोड़ क्लब का हिस्सा बन गई थी तो वहीं अब वीकेंड पर ये दमदार कमाई कर रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक वेट्टैयन ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 31.7 करोड़ रुपए के कलेक्शन के साथ ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फिल्म ने 24 करोड़ रुपए कमाए थे वहीं अब तीसरे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसके मुताबिक फिल्म ने पहले शनिवार को कुल 26.1 करोड़ की शानदार कमाई की है. इसी के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर वेट्टैयन का कुल कलेक्शन 81.70 करोड़ रुपए हो गया है.रजनीकांत और अमिताभ बच्चन की फिल्म वेट्टैयन 4 भाषाओं- तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में रिलीज की गई है. फिल्म की रिलीज के अगले दिन यानी 11 अक्टूबर को आलिया भट्ट की जिगरा और राजकुमार राव की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो भी पर्दे पर आई. हालांकि दोनों फिल्मों की रिलीज का वेट्टैयन पर कोई असर नहीं हुआ और इसका दमदार कलेक्शन जारी है.वेट्टैयन के जरिए रजनीकांत और अमिताभ बच्चन 33 साल बाद एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आए हैं. दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है जिनमें अंधा कानून, गिरफ्तार और हम शामिल है.टी. जे. ग्नानवेल के डायरेक्शन में बनी फिल्म वेट्टैयन को लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया है. फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, दुशारा विजयन और रितिका सिंह भी अहम भूमिकाएं अदा करती नजर आए हैं।

# ऋतिक रोशन एक्स वाइफ सुजैन खान के साथ निकले तो बेटे पर पड़ी सबकी नजर

**लोग बोले- बिल्कुल पापा की कार्बन कॉपी है**




ऋतिक रोशन फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 की शूटिंग कर रहे हैं। वह हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ एक रोमांटिक ट्रैक की शूटिंग के बाद इटली से लौटे हैं। शनिवार को एक्टर को अपने बेटे और पूर्व पत्नी सुजैन खान के साथ एक अस्पताल जाते देखा गया। इतने में वीडियो वायरल हो गया और फैन्स इस पर खूब रिएक्शन भी दे रहे हैं।

इंस्टेंट बॉलीवुड के शेयर किए गए वीडियो में, हम देख सकते हैं कि ऋतिक रोशन कैजुअल कपड़ों में अस्पताल से बाहर आ रहे हैं और उनके पीछे उनका बेटा और पूर्व पत्नी सुजैन खान भी हैं। तीनों बातचीत में व्यस्त थे और उन्होंने कैमरे के सामने पोज नहीं दिया। नेटिजन्स ने उन्हें एक साथ आने के लिए ट्रोल किया और यहां तक कि उनके तलाक पर भी निशाना साधा। कई बार ऋतिक और सुजैन अपने बेटों के लिए साथ आ चुके हैं।

#### ऋतिक रोशन के बेटे की तारीफ

हाल ही में, ऋतिक रोशन गर्लफ्रेंड सबा आजाद और कुछ दोस्तों के साथ डिनर के लिए बाहर निकले तो पपाराजी से चिढ़ गए। एक्टर को मुंबई में निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की पत्नी की बर्थडे पार्टी में भी देखा गया। ऑनलाइन सामने आए एक वीडियो में ऋतिक और सबा एक साथ पार्टी में पहुंचे। यह कपल बारिश के बीच भी पार्टी में पहुंचा था। जब दोनों ने कैमरे के लिए पोज दिया, तो ऐसा लग रहा था कि ऋतिक बारिश और पपाराजी से नाराज थे। वीडियो में दिखा कि ऋतिक तो रेस्तरां में पहुंच गए थे लेकिन सबा कैमरामैन के साथ पीछे रह गईं। ऐसा लग रहा था कि इससे ऋतिक नाराज हो गए। वह उनकी मदद करने के लिए भीड़ में गए, उनके लिए रास्ता बनाया और फिर उन्हें लेकर गए।

#### ऋतिक रोशन और सबा आजाद

इस बीच बता दें कि, ऋतिक और सबा पिछले कुछ समय से डेटिंग कर रहे हैं। लगभग दो साल पहले ऋतिक रोशन और सबा आजाद ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। यह जोड़ी जल्द ही हर इवेंट में एक साथ नजर आने लगी, अक्सर लोगों के लिए पोज देती थी, भले ही उन्होंने कभी अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की। कुछ समय पहले, सबा ने बताया था कि उनके वॉइस-ओवर ऑफर बंद हो गए थे क्योंकि वह ऋतिक को डेट कर रही थीं।

वर्कफ्रंट पर, ऋतिक रोशन अगली बार कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर के साथ वॉर 2 में दिखाई देंगे। फिल्म 2025 में रिलीज होगी लेकिन इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का अब भी इंतजार है।

# अभिनेत्री जेनिफर विंगेट शूटिंग के बीच खाली समय में क्या करती हैं? किया खुलासा



लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री जेनिफर विंगेट ने आखिरकार दुनिया के साथ साझा किया है कि जब उनके पास शूटिंग के बीच खाली समय होता है तो वह तस्वीरों के लिए पोज देती हैं और तस्वीरें लेती हैं। जेनिफर ने इंस्टाग्राम पर खूबसूरत जगहों और खाने की कुछ तस्वीरें साझा की। पहली तस्वीर में जेनिफर कैमरे के सामने पोज देती हुई और लेंस की तरफ देखकर मुस्कुराती हुई दिख रही थी। दूसरी तस्वीर में अभिनेत्री बीच पर सफेद कवर में बैठी हुई दिख रही थी। तीसरी तस्वीर में अभिनेत्री की सिल्हूट की तस्वीर थी। आखिरी तस्वीर में उनके खाने की तस्वीर थी। प्लेट पर लिखे रेस्टोरेंट के नाम से ऐसा लगता है कि अभिनेत्री गोवा में हैं।उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा, ÷अगर आपने कभी सोचा है कि शूटिंग के बीच में जब मुझे खाली समय मिलता है तो मैं क्या करती हूं? तो यह बिल्कुल वैसा ही है! अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की, जिसमें वह एक सोफे पर बैठी हुई दिखाई दे रही हैं और उन्होंने काले रंग का सूट और गले में सोने की चेन पहन रखी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा...स्थिर मन और स्थिरता के बीच विंगेट ने 1995 की फिल्म अकेले हम, अकेले तुम से बतौर बाल कलाकार अभिनय की शुरुआत की थी। उन्होंने 2002 में शाका लाका बूम-बूम से टेलीविजन पर शुरुआत की। यह बच्चों का फैंटेसी एडवेंचर टेलीविजन् शो है, जिसमें विशाल सोलंकी और हंसिका मोटवानी मुख्य भूमिका में हैं।मुंबई में जन्मी अभिनेत्री ने कुसुम में सिमरन, कोई दिल में है में प्रीति, कसौटी जिंदगी की में स्नेहा बजाज गिल, क्या होगा निम्मो का में नताशा, कहीं तो होगा में स्वेतलाना की भूमिका निभाई हैं।मेडिकल ड्रामा दिल मिल गए में उनकी भूमिका ने उन्हें प्रमुख स्टारडम हासिल करने में मदद की। शो संजीवनी - ए मेडिकल बून के सीक्वल में उनके पूर्व पति करण सिंह ग्रोवर, शिल्पा आनंद, करण वाही और मोहनीश बहल भी शामिल थे।फिक्शन के अलावा, 39 वर्षीय अभिनेत्री ने रियलिटी शो में भी काम किया है। उन्हें जरा नच के दिखा की विजेता घोषित किया गया था। उन्होंने नचले वे विद सरोज खान, कॉमेडी का महा मुकाबला, लाफ्टर के फटके और देख इंडिया देख जैसे रियलिटी शो की मेजबानी भी की है।वह कानूनी ड्रामा रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में भी काम कर रही हैं।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी खेल का नया खुलासा


## सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद अब विदेशी नंबरों से चल रहा ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल

» लोटस 365 के पैनल ऑपरेटर बांट रहे एजेंटों को आईडी

» महादेव बुक के एजेंट रायपुर सहित कई जिलों में सक्रिय

» विदेशी नंबर से बांट रहे महादेव बुक की ऑनलाइन आईडी






**रायपुर, 14अक्टूबर 2024 (ए)।** दुबई में महादेव बुक सट्टा एप्प के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की भले ही गिरफ्तारी हो गई हो, लेकिन उसका काला कारोबार अब भी बेधड़क देश-विदेश में चल रहा है। शातिर सट्टेबाजों ने पुलिस व जांच एजेंसी की नजरों से बचने अब विदेशी नंबरों से सट्टेबाजी का खेल संचालित करना शुरू किया है, ताकि आसानी से उनकी पहचान न हो पाए। महादेव बुक का हेल्पलाइन नंबर भी अब विदेशी हो गया है।

एक सूत्र का दावा है कि एप्प की ऑनलाइन आईडी अब पैनल ऑपरेटरों को लोटस 365 से दी जा रही है। इसमें विदेशी नंबरों का इस्तेमाल किया जा रहा है,हालांकि लोटस 365 महादेव बुक से जुड़ा हुआ है, लेकिन दिखावे के तौर पर इसके प्रमोटर जरूर अलग है।

महादेव बुक के एजेंट रायपुर, दुर्ग-भिलाई के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कवर्धा समेत अन्य जिलों में अभी भी काम कर रहे। महाराष्ट्र, दिल्ली में बैठे पैनल ऑपरेटर ही इन एजेंटों को दो से पांच लाख रुपये में विदेशी नंबरों से ऑनलाइन आईडी देने का काम कर रहे है।

### वाटसएप्प पर दी जा रही आईडी

जानकार सूत्रों ने बताया कि बेटिंग एप से जुड़े शातिर सट्टेबाज वॉट्सएप के लिए अब विदेशी नंबर से एजेंटों से संपर्क कर इसी से लोटस 365 की आईडी बांटने का काम कर रहे है। ईडी की जांच में भी इसका राजफाश हो चुका है। महादेव बुक से जुड़े एजेंट रायपुर ही नहीं प्रदेशभर में सक्रिय है।गौरतलब है कि महादेवबुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की यूएई में गिरफ्तारी और पार्टनर रवि उप्पल को नजरबंद करने के बाद शुभम सोनी की भी तलाश की जा रही है। तीनों के खिलाफ ईडी और ईओडब्ल्यू में अपराध दर्ज है, जबकि दर्जनभर से अधिक आरोपी रायपुर जेल में बंद है।

### पुराने एजेंट बांट रहे पैनल

पुलिस अफसरों ने बताया कि पुख्ता जानकारी मिली है कि लोटस 365 से जुड़े सटोरिए महादेव सट्टा एप्प के पुराने एजेंटों के जरिए भी आईडी बांट रहे है, हालांकि रायपुर, दुर्ग के रहने वाले ज्यादातर बड़े पैनल ऑपरेटर पुलिस की गिरफ्त से बचने आसपास के राज्यों में बैठकर यह काम कर रहे है, क्योंकि पहले ये पकड़े जा चुके है।



## हाईकोर्ट में पीएससी के खिलाफ याचिका

» सिविल जज की मुख्य परीक्षा में कॉपियां जांचे बिना ही अभ्यर्थियों को फेल करने का आरोप...

**बिलासपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** सीजीपीएससी द्वारा आयोजित सिविल जज की मुख्य परीक्षा में नियमों में बदलाव से असंतुष्ट 30 से अधिक अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।इनका आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के आयोग ने परीक्षा के नियमों में परिवर्तन किया, जिसके चलते उनकी उत्तर पुस्तिकाएं जांची ही नहीं गईं। उन्होंने बताया कि प्रश्नों के उत्तर क्रम में न लिखने के कारण उन्हें कॉपियां जांचे बिना ही विफल घोषित कर दिया गया।

### परीक्षा के दौरान नया नियम किया लागू

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने 3 सितंबर 2023 को 49 सिविल जज पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें से 542 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए। लगभग एक वर्ष बाद 25 अगस्त 2024 को मुख्य परीक्षा हुई। अभ्यर्थियों के अनुसार, इस बार बिना किसी पूर्व सूचना के पीएससी ने यह नियम लागू कर दिया कि सभी प्रश्नों के उत्तर क्रम में लिखने अनिवार्य होंगे, जबकि इससे पहले के किसी भी मुख्य परीक्षा में ऐसा कोई नियम लागू नहीं था। अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों ने भी इस नियम परिवर्तन की जानकारी नहीं दी, ना ही परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र वितरण के दौरान नियम पढ़ने का समय दिया गया। इसी जल्दबाजी में कई अभ्यर्थियों ने उत्तर क्रम में लिखने पर ध्यान नहीं दिया। जब परिणाम घोषित हुए तो पाया कि अधिकांश अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं जांचे बिना ही उन्हें असफल करार दिया गया है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### डॉ. सलीम राज छग राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए



**रायपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के सभापति / अध्यक्ष गुलाम मिन्हाजुद्दीन के विरूद्ध सदस्यगण इमरान मेमन, मोहम्मद फिरोज खान, फैसल रिजवी एवं डॉ. सलीम राज के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव राज्य शासन को वक्फ अधिनियम 1995 यथासंशोधित 2013 की धारा 20(क) के अंतर्गत प्रेषित किया गया था। जिसके परिपालन में वक्फ अधिनियम 1995 यथासंशोधित 2013 की धारा 20 ( क ) के अंतर्गत विचार किये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा नियुक्त पीठासीन अधिकारी श्री मार्टिन लकड़ा, अवर सचिव, छ.ग. शासन, पशुधन विकास विभाग द्वारा कार्यालय छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड, रायपुर में आज सुबह 10:30 बजे बैठक आयोजित की गई जिसमें गुलाम मिन्हाजुद्दीन को सर्वसम्मति/बहुमत के आधार पर सभापति / अध्यक्ष के पद से हटाने का संकल्प पारित किया गया। इसके उपरांत डॉ.सलीम राज को माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति / बहुमत से छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाति सभापति / अध्यक्ष डॉ. सलीम राज द्वारा छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड के सभापति / अध्यक्ष का पद्धार ग्रहण किया गया।

### 90 से अधिक अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई,चला बुलडोजर



**बिलासपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** बिलासपुर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान और दुकानों पर नगर निगम ने बुलडोजर चलवा दिया। यहां ब्राह्मण समाज को आवंटित 2 एकड़ सहित भूमि सहित 11 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। मामला सरकंडा क्षेत्र के खमतराई का है। निगम की टीम दोपहर से लेकर देर शाम तक मकान और दुकानों को ढहाने की कार्रवाई करती रही। बताया जा रहा है कि 94 अन्य अतिक्रमणकारियों का भी कब्जा हटाया जा रहा है। इसके साथ ही सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर एफआईआर भी कराई जाएगी।

## विधायक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज

» कार्रवाई नहीं होने पर आदिवासी समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी



**साजा ,14अक्टूबर 2024(ए)।** कबीरधाम जिले से लगा साजा विधानसभा एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल, साजा विधायक ईश्वर साहू के बेटे का मामला थाने पहुंच गया है। विधायक के बेटे कृष्णा साहू के खिलाफ साजा थाने में मारपीट और गाली-गलौज के साथ अपमानजनक जातिगत टिप्पणी करने की लिखित शिकायत दी गई है। वहीं, इस मामले में कलेक्टर को एक पत्र आदिवासी समाज की ओर से भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि अगर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करेंगे।

जानकारी के अनुसार साजा थाने में मनीष मंडावी ने शिकायत की है। इसके अनुसार पिछले रविवार 13 अक्टूबर को ग्राम चेचानमेटा में दशहरा कार्यक्रम के दौरान रात 11 बजे मनीष का दोस्त राहुल और विधायक पुत्र कृष्णा साहू के बीच विवाद हो रहा था। जब मनीष ने बीच बचाव किया तो विधायक के बेटे कृष्णा ने जातिगत गाली-गलौज करते हुए हाथ के कड़े से मारा। आवेदन में आरोप है कि, मारपीट में विधायक पुत्र के साथ क़रीब दस लोग और थे जिन्होंने मनीष और उसके दोस्त राहुल से मारपीट की है।बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि विधायक के बेटे कृष्णा साहू के खिलाफ लिखित शिकायत थाने दर्ज की गई है। इस शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। इस मामले में आदिवासी समाज की ओर से कलेक्टर बेमेतरा को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। आदिवासी गोंड समाज के अध्यक्ष की ओर से एसडीएम को दी गई शिकायत में यह आरोप है कि टीआई साजा ने आदिवासी युवक से मारपीट के मामले में विधायक ईश्वर साहू के दबाव में रिपोर्ट दर्ज नहीं करने की बात कही और समझौता करने की बात कहते हुए धमकाया। इस पर कार्रवाई जरूरी है।



## 16 अक्टूबर को होगी कैबिनेट बैठक

» कुछ अहम मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

**रायपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को राज्य कैबिनेट की बैठक आयोजित की जाएगी। यह महत्वपूर्ण बैठक मंत्रालय में सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस बैठक पर किसानों, सरकारी कर्मचारियों, और युवाओं की खास नजर रहेगी, क्योंकि इसमें कई अहम मुद्दों पर निर्णय लिए जाने की उम्मीद है।पिछली कैबिनेट बैठक 20 सितंबर को हुई थी, जिसके बाद से अब तक कोई बैठक नहीं हो पाई है। इस महीने के पहले सप्ताह में बैठक आयोजित करने की योजना थी, लेकिन मंत्रियों की क्षेत्रीय व्यस्तताओं के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। अब यह बैठक 16 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है।राज्य सरकार इस बैठक में धान खरीदी के मुद्दे पर चर्चा कर सकती है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने इस वर्ष के लिए 160 लाख टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रस्तावित तारीख 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की योजना है, जिस पर कैबिनेट की मंजूरी दी जा सकती है।बैठक में आगामी राज्योत्सव की तैयारियों पर भी चर्चा की जा सकती है। राज्योत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए जरूरी व्यवस्थाओं और योजनाओं पर विचार हो सकता है।

## पीएचई विभाग में 261 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू



### सीएम साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने दी अनुमति

**रायपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर हाल ही में वित्त विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 261 पदों पर भर्ती की मंजूरी मिलने के बाद विभाग ने इसके लिए तेजी से कार्यवाही शुरू कर दी है. उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) को पत्र भेजा जा रहा है. पीएचई में अभियंताओं और हैंडपंप तकनीशियनों सहित राज्य स्तरीय 181 और अराज्य स्तरीय 80 पदों पर भर्ती होनी है।

## आज छत्तीसगढ़ आएंगे कवि कुमार विश्वास


**राजनांदगांव, 14अक्टूबर 2024(ए)।** राजनांदगांव में दशहरा पर्व के बाद फिर एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर 15 अक्टूबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में देशभर से प्रख्यात कवि शामिल होंगे, जिसमें डॉ. कुमार विश्वास और डॉ. सुरेंद्र दुबे जैसे कवि शामिल हैं। युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया इस बार भी कवि सम्मेलन को भव्य रूप देने बृहद तैयारियां चल रही है। 15 अक्टूबर को शाम 8 बजे से म्युनिसिपल स्कूल मैदान में कवि सम्मेलन होगा। श्रोताओं के लिए कुर्सियों की व्यवस्था रहेगी। कवि सम्मेलन में डॉ. कुमार विश्वास, डॉ. सुरेंद्र दुबे, कविता तिवारी और दिनेश बावरा प्रस्तुति देंगे।



## सीजीपीएससी घोटाले में 18 अभ्यर्थियों के घर सीबीआई का छापा

» हार्ड डिक्स और पैन ड्राइव जब्त,

» नामचीन लोगों से भी सीबीआई ने की पूछताछ




**रायपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाले में सीबीआई ने छापेमारी शुरू कर दी है, दरअसल सीजीपीएससी 2019 से 2022 तक की भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है। ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में केस दर्ज किया है। क्यूंकि 2021 में जिन 18 अभ्यर्थियों के चयन में धांधली का शक है, उन सभी के घर पर छापा मारकर जांच की गई। कुछ अभ्यर्थियों के घरों में 2 दिन तक तलाशी चली है। बताया जा रहा है कि 12 अक्टूबर को छापेमारी की गई थी। अभ्यर्थियों के घर मिले 300 से ज्यादा किताबों और नोटबुक को पढ़ा गया। मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप की जांच की गई। कुछ अभ्यर्थियों के घरों से हार्ड डिक्स और पैन ड्राइव जब्त की गई। अभ्यर्थियों और परिजन के बैंक खाते की जांच की जा रही है। सचिव जीवन किशोर के बेटे सुमित ध्रुव, पिछली सरकार में राज्यपाल के सचिव रहे अमृत खलखो की बेटी नेहा और बेटा निखिल, छ्ढ्ढत्न ध्रुव की बेटी साक्षी, कांग्रेस नेता की बेटी अनन्या अग्रवाल, कांग्रेस नेता के दामाद शशांक गोयल, मंत्री के ओएसडी के साढ़ू की बेटी खुशबू बिजौरा से भी पूछताछ की है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 5 करोड़ से ज्यादा की ठगी

### पैसे दोगुने करने का दिया था झांसा



**रायपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रायपुर में आया है। दरअसल, आरंग के एक युवक ने शहर के लोगों को शेयर मार्केट में निवेश पर मोटा मुनाफा का झांसा दिया। लोगों का डीमेट अकाउंट खुलाया। फिर उनसे पैसे लेकर निवेश करने का झांसा दिया और 5 करोड़ रुपए से ज्यादा लेकर फरार हो गया है। पिछले दो माह से युवक की तलाश की जा रही है। उसके परिजनों ने थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर निवेश के नाम पर पैसा देने वाले रोज युवक के घर जा रहे हैं। मंदिर हसौद पुलिस ने आरोपी के एक दोस्त को गिरफ्तार किया है, जिसके खाते से 3 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद निवासी कुबेर वर्मा का एक परिचित के माध्यम से आरंग के भुवनेश्वर साहू से मुलाकात हुई। भुवनेश्वर ने खुद को शेयर ट्रेडर्स बताया। उसने कहा कि वह लोगों का पैसा शेयर मार्केट में लगाता है। इसमें मोटा मुनाफा मिलता है। कई बार पैसा दोगुना हो जाता है। कुबेर झांसे में आ गया। उसने अलग-अलग किस्त में भुवनेश्वर को 7 लाख रुपए दिए। भुवनेश्वर ने उन पैसों को निजी कार्य में खर्च कर दिया। इस तरह भुवनेश्वर ने आसपास के दो दर्जन लोगों से करीब 5 करोड़ रुपए लिया और फरार हो गया। भुवनेश्वर ने पैसों के ट्रांजेक्शन के लिए अपने दोस्त मोवा निवासी शत्रुघन वर्मा का खाता लिया था। भुवनेश्वर हर माह शत्रुघन को 28 हजार रुपए देता था और उसके खाते का उपयोग करता था। शत्रुघन के खाते से 3 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। पुलिस ने शत्रुघन को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। शत्रुघन से पुलिस कुछ बरामद नहीं कर पाई है। उसका पासबुक और एटीएम भी उसके पास नहीं है।

पुलिस के अनुसार लोगों ने ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में रिश्तेदार और परिचितों से कर्ज लेकर भुवनेश्वर को पैसा दिया था। किसी ने 15 लाख तो किसी ने 20 लाख रुपए दिए थे। आरोपी भुवनेश्वर ने ठगी के पैसे से गांव में घर बनाया है और गाड़ी भी खरीदी है। दो माह पहले वह घर में किसी को बिना बताए निकल गया। उसके बाद से लौटकर नहीं आया है। परिजनों ने पुलिस को बयान दिया है कि उन्हें नहीं पता कि भुवनेश्वर कहां है। उसका फोन भी नहीं आता है

## बिलासपुर के सेंट्रल जेल में गैंगवार

» दशहरा की शाम कैदियों के बीच झड़प,एक घायल




**बिलासपुर, 14अक्टूबर 2024 (ए)।** सेंट्रल जेल में दशहरा की शाम उस वक्त तनावपूर्ण स्थिति बन गई जब दो कैदियों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस झड़प में हत्या के आरोपी लोकेश तिवारी ने नशीली कफ सिरप बेचने के आरोप में बंद नवीन निर्मलकर पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया, जिससे नवीन घायल हो गया। घटना के बाद जेल में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन जेल प्रहरी ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों को अलग कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक, दोनों कैदियों की पुरानी दुश्मनी जेल के बाहर से चली आ रही थी। लोकेश तिवारी ने सिरगिट्टी इलाके में नवीन के माता-पिता पर हमला करवाया था, जिसका बदला नवीन ने जेल में लेने की कोशिश की थी। घटना जेल के डी खंड में दुर्गा विसर्जन के दौरान हुई, जब नवीन आशीर्वाद लेने के लिए गया था। इस दौरान लोकेश ने उस पर हमला कर दिया। जेल प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## कोल लेवी और कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने की अनुमति मांगी ईओडब्ल्यू ने



**रायपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** ईओडब्ल्यू ने कांग्रेस के शासन काल में हुए 450 करोड़ के कोल लेवी और 127 करोड़ के कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने की जरुरत बताई है। इसी के तहत ईओडब्ल्यू ने नार्को टेस्ट कराने के लिए भूपेश कुमार बसंत के विशेष न्यायालय में आवेदन लगाया है। कोल लेवी और मनी लांड्रिंग घोटाले में जेल में बंद आरोपी सूर्यकांत तिवारी, उसके भाई रजनीकांत तिवारी और निखिल चंद्राकर और इसी तरह कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपी रौशन चंद्राकर के लिए भी नार्को टेस्ट की अनुमति मांगी गई है। इस टेस्ट में आरोपियों के पुराने बयान की सत्यता जांची जाएगी। गौरतलब है कि कोल घोटाले के मामले में एक प्रकरण बंगलुरू के एक थाने में भी दर्ज है और सूर्यकांत को बंगलुरू से ही पकड़ छत्तीसगढ़ कर लाया गया था। अब इस मामले में ईओडब्ल्यू को कोर्ट की अनुमति का इंतजार है।

## 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में शिक्षकों का हड़ताल

» प्रदर्शन व रैली, शिक्षक मोर्चा ने कहा, शिक्षक ही लेंगे अपनी लड़ाई



**रायपुर, 14अक्टूबर 2024(ए)।** शिक्षक एल बी संवर्ग के मांगो व लंबित मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर 14 अक्टूबर 2024 को सभी जिला में मुख्यमंत्री के नाम शिक्षक मोर्चा ज्ञापन देंगे एवं 24 अक्टूबर 2024 को जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन व रैली की सूचना जिलाधीश व जिला शिक्षा अधिकारी को देंगे।

ज्ञात हो 14 अक्टूबर को ही सभी जिले में जिला व ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारियो की उपस्थिति में 24 अक्टूबर के प्रदर्शन हेतु बैठक कर तैयारी व जिम्मेदारी दिया जायेगा। शिक्षकों को अपनी मांग के लिए खुद ही लड़ना होगा इसीलिए मांग के समर्थन में 24 अक्टूबर को एक दिन सामूहिक अवकाश लेकर शासन व सरकार तक अपनी मांग को पहुंचाएंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने कहा कि शिक्षक एल बी संवर्ग की मांगो के निराकरण व लंबित मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर 24 अक्टूबर 2024 को जिले के सभी एल बी संवर्ग के शिक्षक अपनी मांग के समर्थन में अपनी मांग को शासन व सरकार तक पहुंचाने हेतु सामूहिक अवकाश में रहकर जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन करेंगे व रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश व जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन (मांगपत्र) सौपेंगे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)